10 मार्च 2025
सोमवार
# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बेगूसराय में गंगा नदी में 5 भाई डूबे, एक दूसरे को बचाने में 3 मरे 2



## मणिपुर: कुकी समूह के अनिश्चितकालीन बंद में तनाव के बीच रही शांति

**एजेंसी/इंफाल**



मणिपुर में कुकी समूहों की ओर से सुरक्षा बलों की कार्रवाई के खिलाफ लागू किए गए अनिश्चितकालीन बंद का मिलाजुला असर नजर आया। राज्य के कुकी बहुल इलाकों में तनावपूर्ण शांति रही। वहीं कुछ जिलों में कुकी प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया। वहीं बंद को देखते हुए सुरक्षा बल अलर्ट मोड पर रहे। चूराचंदपुर और टेंग्नौपाल जिलों के कुकी बहुल इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और पत्थरों से सड़कें जाम कर दीं। जिन्हें सुरक्षा बलों ने हटाया। कुकी बहुल इलाकों में दुकानें बंद रहीं और यहां आंदोलनकारी लोगों से घरों के अंदर रहने के लिए कहते नजर आए। अफसरों ने बताया कि एनएच-2 (इंफाल-दीमापुर रोड) पर गमघीफाई और जिले के अन्य हिस्सों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की गश्त की जा रही है। अनिश्चितकालीन बंद को समर्थन दिया। इस बंद का उद्देश्य राज्य में सभी सड़कों पर मुक्त आवाजाही का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों की कार्रवाई का विरोध करना था। आईटीएलएफ ने कहा कि कुकी-जो क्षेत्रों के माध्यम से मैतेई लोगों की आवाजाही की अनुमति देने के भारत सरकार के फैसले से कांगपोकपी में आंदोलन और विरोध हुआ। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक बल का प्रयोग किया।शनिवार को कांगपोकपी जिले के विभिन्न हिस्सों में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई, जबकि महिलाओं और पुलिसकर्मियों समेत 40 से अधिक अन्य घायल हो गए थे। वहीं मणिपुर पुलिस ने कहा कि कुकी प्रदर्शनकारियों द्वारा किए गए हमलों में 27 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने उन पर पत्थर फेंके और बड़े-बड़े पत्थर लगाकर, टायरों में आग लगाकर, पेड़ों को गिराकर सड़कों को जाम किया। प्रदर्शनकारियों ने गोलियां भी चलाईं, इसका सुरक्षा बलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। पुलिस ने कहा कि जब मणिपुर राज्य परिवहन की एक बस इंफाल-कांगपोकपी-सेनापति मार्ग पर जा रही थी, कांगपोकपी जिले के गमगीफई में भीड़ ने वाहन पर पथराव करना शुरू कर दिया। इसके बाद सुरक्षा बलों को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और न्यूनतम बल का इस्तेमाल करना पड़ा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में सुरक्षा बलों को मणिपुर में आठ मार्च से सभी मार्गों पर लोगों की खुली आवाजाही सुनिश्चित करने और अवरोध पैदा करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। मणिपुर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र राज्य में स्थायी शांति बहाल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस संबंध में सभी जरूरी मदद प्रदान कर रहा है। पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद यह पहली बैठक आयोजित की गई थी।

## राजा भैया पर एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री और कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ उनकी पत्नी भानवी सिंह की शिकायत पर दिल्ली के सफदरजंग थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। भानवी ने अपनी पति राजा भैया व उनके परिवार पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। भानवी ने अपनी शिकायत में पति के खिलाफ शारीरिक और मानसिक क्रूरता के आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि शादी के बाद से ही वह परेशान थीं। परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। पुलिस ने इस संबंध में फिलहाल दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मामले की जांच कराने की बात कर रहे हैं। जनसत्ता पार्टी लोकतांत्रिक के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और भानवी सिंह की वर्ष 1995 में शादी हुई थी। भानवी बस्ती के पूर्व शाही परिवार से ताल्लुक रखती हैं। फिलहाल इनके यहां दो बेटी और दो बेटे हैं। भानवी ने आरोप लगाया है कि वर्षों तक उनके पति उनको प्रताड़ित करते रहें, लेकिन वह चुप रहीं।

भानवी का आरोप है कि लगातार मारपीट के कारण उनके शरीर के अंग भी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उनको असहाय पीड़ा होती है, वह लगातार अपने दर्द को बर्दाश्त करती रही हैं।

### कार्यक्रम में तीसरे चरण के अभ्यर्थियों के चेहरे पर रही खुशी

# 51389 नवनियुक्त शिक्षकों को मुख्यमंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र

**एजेंसी/पटना**



बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अब तक कुल दो लाख 68 हजार 548 नए शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। जिन 51,389 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं, वह राज्य के शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करेंगे और बच्चों के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभाएंगे। सीएम नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में बिहार लोक सेवा आयोग ने चयनित 51,389 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर सीएम ने कई शिक्षकों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा, जिनमें नूतन कुमारी, आरती कुमारी, वर्षा राज, खुशबू कुमारी, पंकज कुमार, सानिया परवीन, काजल कुमारी, आशुतोष आनंद, आनंद और मिश्रा खुशबू सुनील जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। सीएम ने नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज जिन 51,389 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं, वह राज्य के शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करेंगे और बच्चों के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि आप सबको बच्चों को बेहतर शिक्षा देने और उनके सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देना चाहिए। बच्चों को अच्छे से पढ़ाइए। शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा नहीं होनी चाहिए, यह हम सभी का कर्तव्य है।

**शिक्षा के क्षेत्र में सुधारात्मक कदम :** सीएम ने अपने संबोधन में बताया कि राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई अहम सुधार किए हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अब तक कुल दो लाख 68 हजार 548 नए शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। वर्ष 2023 में पहले और दूसरे चरण में 1,20,336 और 94,833 शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी। इसके बाद, तीसरे चरण में आज 51,389 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बीपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में 42,918 हेडमास्टर भी चयनित हुए हैं, जिन्हें अगले महीने नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 86 हजार 39 नियोजित शिक्षक बच गए हैं, जिन्हें तीन और अवसर दिए जाएंगे

**नियोजित शिक्षकों को भी राज्यकर्मी का दर्जा :** सीएम ने बताया कि पहले पंचायतों और नगर निकायों के माध्यम से नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी, लेकिन अब बीपीएससी के माध्यम से उन्हें राज्य कर्मी नाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करीब 28 हजार नियोजित शिक्षक बीपीएससी परीक्षा में सफल होकर सरकारी शिक्षक बन चुके हैं। इसके अलावा दो लाख 53 हजार 961 नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा के जरिए सरकारी शिक्षक बना दिया गया है। जिससे छात्रों को पर्याप्त शिक्षक मिलेंगे।

### कंप्यूटर शिक्षकों की बहाली होगी अधिक

चौथे चरण की शिक्षक बहाली में 26000 से अधिक कंप्यूटर शिक्षकों की संख्या होने वाली है। विभाग की तैयारी है कि विद्यालय में बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा उपलब्ध हो और इसके लिए शिक्षकों की कमी चौथे चरण में पूरी कर ली जाएगी। इससे पहले शिक्षा विभाग में पहले चरण में कंप्यूटर शिक्षकों की वैकेंसी आई थी, लेकिन दूसरे और तीसरे चरण की बहाली में कंप्यूटर शिक्षकों की वैकेंसी नहीं आई थी। सीएम ने नवनियुक्त शिक्षकों से ठीक से पढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि सब को पढ़ाइगा ना, हाथ उठा कर बताइए। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ की ओर इशारा करते कहा कि एक-एक चीज आप लोग ध्यान से देखिएगा। इन शिक्षकों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राज्य के शिक्षा बजट में अभूतपूर्व बढ़ोतरी की गई है।




## मुंबई के नागपाड़ा में पानी टंकी की सफाई के दौरान चार मजदूरों की मौत

**एजेंसी/मुंबई**

मुंबई के नागपाड़ा इलाके में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक निमार्णाधीन इमारत की पानी की टंकी की सफाई के दौरान दम घुटने से चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक मजदूर की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मजदूर जब इमारत की पानी की टंकी की सफाई कर रहे थे। दम घुटने से वहां मौजूद पांच मजदूर बेहोश हो गए। सूचना मिलने पर तुरंत उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने चार मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। एक मजदूर का इलाज चल रहा है। उसकी भी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान हसीपाल शेख (19), राजा शेख (20), जियाउल्ला शेख (36) और इमांडू शेख (38) के रूप में हुई है। वहीं पुरहान शेख (31) की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे और मजदूरों को पानी की टंकी से बाहर निकाला। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा नागपाड़ा के डिमटीमकर रोड पर स्थित गुड लक मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास बिस्मिल्लाह स्पेस नामक निमार्णाधीन इमारत में हुआ। मुंबई फायर ब्रिगेड ने मजदूरों को इलाज के लिए जेजे अस्पताल पहुंचाया।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली एम्स में भर्ती

**एजेंसी/नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। देर रात सोने के दौरान उन्हें बेचैनी महसूस हुई और सीने में दर्द होने लगा, जिसके बाद तुरंत उन्हें दिल्ली एम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने एम्स पहुंचकर उनसे मुलाकात की है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार की देर रात उन्हें परेशानी महसूस हुई। इसके बाद तुरंत उन्हें दिल्ली एम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके हार्ट में स्टंट डाला है। 73 वर्षीय जगदीप धनखड़ को रविवार की सुबह एम्स के कार्डियक विभाग में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। सीसीयू में विशषज्ञ डॉक्टर उनके ऊपर पल-पल निगरानी रख रहे हैं। उपराष्ट्रपति की तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिलने के बाद पीएम व जेपी नड्डा एम्स पहुंचे।




### यात्री की सुरक्षा को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने प्लेटफॉर्म टिकट पर प्रतिबंध लगाया

# होली पर नई दिल्ली स्टेशन पर नो टिकट-नो एंट्री पर सख्ती

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर होली को मद्देनजर रखते हुए रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। रऐसे में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद दिखी। रेलवे प्रशासन ने स्टेशन परिसर के चारों ओर बेरिकेड्स लगाकर सुरक्षा के खास इंतजाम थे। साथ ही रेलवे पुलिस बल की टुकड़ी भी मुस्तैद दिखी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने यात्रियों को कतार में खड़ा किया हुआ था। वहीं, सुरक्षाकर्मियों की ओर से फुटओवर ब्रिज पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। लोगों को एक जगह या फुटओवर ब्रिज पर खड़े होने से रोका जा रहा था। यात्री की सुरक्षा को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने प्लेटफॉर्म टिकट पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, ताकि अनावश्यक भीड़ को रोका जा सके। रेलवे स्टेशन परिसर में प्रशासन ने पुल और पुल की सीढ़ियों पर बैठने पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई यात्री इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी। स्टेशन परिसर में सुरक्षा के मद्देनजर पूरे क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन हर आवश्यक कदम उठा रहा है ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

### यात्रियों की सुविधा के लिए अस्थायी प्रतीक्षालय

होली के मद्देनजर रेलवे स्टेशन के बाहर यात्रियों की सुविधा के लिए दोबारा अस्थायी प्रतीक्षालय बनाया गया है ताकि घर जाने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस प्रतीक्षालय में टिकट काउंटर और कियोस्क की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रियों को लंबी कतारों में खड़े होने की परेशानी से राहत मिली है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन के समय और प्लेटफार्म नंबरों की जानकारी देने के लिए विशेष बोर्ड लगाए गए हैं, ताकि यात्री सही समय पर अपने प्लेटफार्म तक आसानी से पहुंच सकें। इसके अलावा, मोबाइल चार्जिंग के बोर्ड उपलब्ध कराए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतीक्षालय के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

# बिहार के 14 विशिष्ट हस्तियों को मिलेगा डॉ. श्रीकृष्ण सिंह सम्मान

- जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा पटना में करेंगे सम्मानित
- बिहार इंटेलेक्चुअल फोरम और मेडिवर्सल फाउंडेशन से मिलेगा सम्मान



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार इंटेलेक्चुअल फोरम और मेडिवर्सल फाउंडेशन द्वारा 11 मार्च को आयोजित होने वाले डॉ. श्रीकृष्ण सिंह स्मृति सम्मान समारोह में प्रदेश की 14 विशिष्ट हस्तियों को सम्मान प्रदान किया जाएगा। जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा प्रदेश की विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित करेंगे। पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बिहार इंटेलेक्चुअल फोरम के संयोजक डॉ. निशिकांत कुमार एवं डॉ. निम्मी रानी ने नवनीत रंजन के साथ जानकारी दी। संस्था के संयोजक डॉ. निशिकांत कुमार ने कहा कि बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह ने जिस सोच के साथ बिना जाति, धर्म के भेदभाव के सभी समाज को आगे बढ़ाने और विकसित बिहार को ध्येय बनाया, आज उस सोच की अधिक प्रासंगिकता है। युवा पीढ़ी जाति से ऊपर उठकर संपूर्ण बिहारी समाज की सोच के साथ आगे बढ़े। डॉ. निम्मी रानी ने कहा कि प्रदेश के ऐसे विशिष्ट जन जिन्होंने अपने काम से मुकाम बनाया है और समाज को प्रेरित करने का काम किया है, उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है। श्रीबाबू के आदर्शों पर चलने के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना होगा। इस अवार्ड को देने के पीछे एक मात्र लक्ष्य है कि लोग ईमानदारी के साथ काम करें। वैसे ही लोगों को चयनित किया गया है जिन्होंने समाज के लिए कुछ अपना योगदान दिया है। जमीन से जुड़े रहे है। ऐसे लोगों से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है दूसरे भी सीख लेते है।

### उत्कृष्ट योगदान व विशिष्टता को रखा गया ध्यान

डॉ. निम्मी रानी ने कहा कि संकीर्ण विचारों से नहीं, उदारता से सभी जाति धर्म के लोगों को समाहित कर बिहारी समाज को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह अवार्ड देने से पहले सभी पहलूओं को देखा गया था। जिससे सही लोगों का चयन हो सके। अन्यथा इंटरनेट व सोशल मीडिया पर लोग अपने आप को इस तरह से प्रस्तुत कर रहे है जैसे उन्होंने समाज के लिए कार्य किया हो। परंतु जांचने व परखने के बाद सामने आता है कि केवल फोटो के माध्यम से अपने आपको प्रमोट कर रहे है। मेडिवर्सल फाउंडेशन के नवनीत रंजन ने बताया कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह सम्मान समारोह के लिए इस वर्ष भी उत्कृष्ट योगदान और विशिष्टता का ध्यान रखकर प्रमुख हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इस साल यह अवार्ड पद्म भूषण स्वामी निरंजनानंद सरस्वती, पद्मश्री आनंद कुमार, पद्मश्री डॉ. हेमंत कुमार, सायन कुणाल, डॉ. मनीषा सिंह, आनंद मिश्रा, प्रो. दिनेश चंद्र राय, फैजान मुस्तफा, ज्ञानेश्वर, डॉ. विकास सिंह, प्रो. विभूति प्रसन्न सिन्हा, सुधांशु कुमार, उमेश शर्मा और अनूप कुमार सर्राफ जैसी विभूतियों को दिया जाएगा।

# बोले पप्पू... बागेश्वर बाबा पर लगना चाहिए प्रतिबंध

**केटी न्यूज/पूर्णिया**

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। चुनाव जीतने के बाद तय होगा कि मुख्यमंत्री कौन होगा। बागेश्वर बाबा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा की ऐसे बाबाओं पर प्रतिबंध लगना चाहिए। यह दुनिया का सबसे बड़ा फ्रॉड और नटवरलाल है, इसकी जगह जेल है। पूर्णिया से पटना जाने के दौरान बेगूसराय के पावर हाउस चौक पर कार्यकताओं से मिलने के दौरान उन्होंने कहा कि नीतीश के बगैर इखढ का कल्याण नहीं है। कांग्रेस गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी, यहां कांग्रेस के नेतृत्व में चुनाव होगा। मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बाद में हमारे नेता तय करेंगे। पप्पू यादव ने कहा कि मुझे नहीं लगता है महागठबंधन में किसी को नेता घोषित करके लड़ने की परिपाटी रही है। चुनाव जीतने के बाद राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव और प्रियंका गांधी बैठ कर तय करेंगे कि मुख्यमंत्री किसको बनाना है। अभी सभी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ेंगे और बड़े भाई की भूमिका में कांग्रेस रहेगी।

**बड़ा हादसा: मटिहानी थाना क्षेत्र के छितरौर गांव के युवकों की गई जान**

# बेगूसराय में गंगा नदी में 5 भाई डूबे, एक दूसरे को बचाने में 3 मरे

**केटी न्यूज/बेगूसराय**

बेगूसराय में गंगा स्नान करने के दौरान बड़ा हादसा हुआ है। गंगा स्नान करने के दौरान एक ही परिवार के पांच भाई डूब गए। जिसमें दो भाइयों को ग्रामीणों ने किसी तरह बचा लिया। लेकिन तीन भाई की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई है। तीन भाइयों की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय गोताखोर और ग्रामीणों की मदद से दो भाइयों का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है, जबकि तीसरे के शव की तलाश की जा रही है। मामला मटिहानी थाना क्षेत्र के मटिहानी गंगा घाट की है। मृतक युवक की पहचान मटिहानी थाना क्षेत्र के छितरौर गांव के रहने वाले सुधीर यादव का पुत्र सत्यम कुमार और अविनाश कुमार और मुकेश कुमार के पुत्र दिलखुश कुमार के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि आपस में करने वाले दो सहोदर भाई एवं एक चचेरे भाई है।

**एक दूसरे को बचाने के चक्कर में डूबे :** घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि पांच भाई गंगा नदी में स्नान करने गये थे। तभी अचानक सभी डूबने लगे। पांचों एक-दूसरे को बचाने की कोशिश करने लगे। लेकिन बचाने के चक्कर में पांचों भाई डूब गए। पांचों भाई को डूबते देख वहां मौजूद ग्रामीण हल्ला करने लगे। इतने में कुछ ग्रामीण और गोताखोर उनको बचाने के लिए नदी में कूद पड़े। ग्रामीणों ने किसी तरह दो युवकों को डूबने से बचा लिया, लेकिन तीन युवकों को बचाया नहीं जा सका तीनों भाई गंगा नदी में डूब गये। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना मटिहानी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मटिहानी थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और फिर शव को निकालने की मशक्कत शुरू हो गई घटना की सूचना काफी कोशिश के बाद दो युवकों का शव गंगा नदी के पानी से बरामद किया है, जबकि तीसरे युवक की तलाश की जा रही है। फिलहाल दोनों युवक की मौत की खबर लगते ही गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि मरने वाले आपस में चचेरे भाई हैं। वही इस घटना के संबंध में मटिहानी थाना अध्यक्ष ने बताया है कि रविवार को स्नान करने के दौरान तीन युवक की डूबने से मौत हुई है, जिसमें दो युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। तीसरे युवक के शव की तलाश की जा रही है।




## रील बनाने के चक्कर में दो युवक गंगा नदी में डूबे, मौत

**पटना।** होली से पहले बुझ गए दो घरों के चिराग। पटना में रील बनाने के दौरान गंगा में डूबने से दो दोस्तों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गांधी मैदान थाना क्षेत्र के कलेक्ट्रेट घाट पर गंगा में नहाते वक्त दोनों दोस्त रील बना रहे थे, तभी गहरे पानी में चले गए और डूबने से दोनों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, चार दोस्त गंगा में नहाने के लिए कलेक्ट्रेट घाट पहुंचे थे। तीन दोस्त गंगा में नहा रहे थे जबकि तीसरा वीडियो बना रहा था। इसी दौरान तीनों लड़के डूबने लगे। वहां मौजूद लोगों ने काफी मशक्कत के बाद एक लड़के को तो बचा लिया लेकिन दो डूब गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर गांधी मैदान थाना की पुलिस पहुंची है और दोनों लड़कों के शव को नदी में तलाश कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी कलेक्ट्रेट घाट पहुंचे है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। घर में होली की तैयारियां चल रही थी लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था और होली की खुशियां देखते ही देखते मातम में बदल गईं।

## बिहार विधानसभा चुनाव में चंद्रशेखर आजाद रावण की एंट्री

**कैमूर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने लगी है। भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद रावण भी चुनाव की तैयारियों को लेकर कैमूर पहुंचे। उन्होंने मोहनिया के चांदनी चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ में बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे। चंद्रशेखर आजाद रावण बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी का प्रचार करने आए थे। उन्हें विश्वास है कि इस बार आजाद समाज पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। उनका मानना है कि बिहार में युवा, महिला, दलित, पिछड़े और मुसलमान अन्याय का शिकार हैं और बदलाव चाहते हैं। चंद्रशेखर आजाद रावण की पार्टी पिछले विधानसभा चुनाव में भी हिस्सा लिया था।




## शिशु रोग विशेषज्ञ की भीषण सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मौत

**पटना।** शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बालमुकुंद की बख्तियारपुर फोरलेन पर सड़क हादसे में मौत हो गई। मोकामा से बख्तियारपुर के बीच एक जगह पर ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है। वहां कुछ दूरी तक गाड़ियां गलत लेन से चलती हैं। इसी दौरान सामने से आ रही एक कार की टक्कर डॉक्टर बालमुकुंद की कार से हो गई। इस घटना में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पीछे से आ रही एक कार के कैमरे में यह हादसा रिकॉर्ड हो गया। रविवार दोपहर वह पटना से बेगूसराय आ रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ था। इस संबंध में शिवप्रकाश ने कहा कि शिवरात्रि के ब्रह्मकुमारी कार्यक्रम में उनकी आखिरी मुलाकात हुई थी। 1984 से 1991 तक सेंट पॉल्स स्कूल में बिताए बचपन के दिन कभी नहीं भूल सकते।

# दादी के नाम पर कराएंगे क्रिकेट टूर्नामेंट ताकि युवाओं का बढ़े हौसला: तेजस्वी

**केटी न्यूज/छपरा**



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर के बिदुपुर प्रखंड पहुंचे। जहां उन्होंने क्रिकेट खेलकर युवाओं का हौसला बढ़ाया। यह वही मैदान है, जहां जिला प्रशासन ने पंचायत सरकार भवन बनाए जाने की योजना थी, लेकिन तेजस्वी यादव के हस्तक्षेप के बाद इसे खेल मैदान के रूप में विकसित किया गया। तेजस्वी यादव क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच के समापन समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित किया और ऐलान किया कि आने वाले समय में वह अपनी स्वर्गीय दादी के नाम पर बिदुपुर में एक भव्य टूर्नामेंट का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि बिदुपुर प्रखंड के हर पंचायत में एक-एक क्रिकेट टीम बने, जिससे खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर अपना कौशल निखार सकें। तेजस्वी ने सरकार की खेल नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब हमारी सरकार थी। तब हमने खेल को बढ़ावा देने के लिए बड़ी पहल की थी। जिन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीते, उन्हें सरकारी नौकरियों में मौका दिया गया। हमारी सरकार में 73 खिलाड़ियों को डीएसपी और अन्य पदों पर नियुक्त किया गया था। सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार खटारा हो चुकी है, सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त है। सीएम थक चुके हैं और अब उन्हें सिर्फ कुर्सी से प्यार रह गया है। तेजस्वी यादव ने बिहार की युवा आबादी का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार देश का सबसे युवा प्रदेश है, जहां 57-58 प्रतिशत आबादी 18 से 25 वर्ष के बीच की है, लेकिन उनके खेलने-कूदने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि बिहार के युवा ही प्रदेश का भविष्य तय करेंगे। अगर आप 20 साल तक एक ही बीज से खेती करेंगे, तो पैदावार अच्छी नहीं होगी।




**पटना स्थित जेडी वीमेंस कॉलेज में आयोजित हुआ गार्गी नारीशक्ति का भव्य उत्सव**

# गार्गी उत्कृष्टता सम्मान से 51 महिलाएं हुई सम्मानित

**केटी न्यूज/पटना**



पटना में महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से गार्गी नारीशक्ति सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जे डी वीमेंस कॉलेज, पटना में आयोजित हुआ। जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय योगदान देने वाली 51 विदुषी महिलाओं को गार्गी उत्कृष्टता सम्मान से सम्मानित किया गया। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के तहत किया गया। जो शिक्षा, समानता और उद्यमिता के तीन मूल स्तंभों पर आधारित है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है ताकि वे समाज के हर क्षेत्र में अपनी प्रभावी भागीदारी दर्ज करा सकें।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं लेट्स इंस्पायर अभियान के संस्थापक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार की महिलाएं हमेशा से शक्ति, ज्ञान और उद्यमिता की प्रतीक रही हैं। उन्होंने गार्गी, मैत्रेयी और चंडालिका जैसी विदुषियों की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार की नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए इस अभियान ने एक नई शुरुआत की है। विकास वैभव ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में बिहार की महिलाओं की भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बताया और कहा कि लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान इसी दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने यह भी साझा किया कि इस अभियान से अब तक 1,70,000 से अधिक लोग जुड़ चुके हैं, जो बिहार को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य पर कार्य कर रहे हैं। सम्मेलन में प्रसिद्ध लोकगायिका और पद्मश्री से सम्मानित निर्मला देवी भी उपस्थित रहीं। शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रमेन्द्र वाजपेई ने कहा कि बिहार में शिक्षा और शोध को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। उन्होंने गार्गी पाठशाला केंद्रों और कला कौशल केंद्रों की सराहना करते हुए कहा कि जब बिहार की बेटियाँ शिक्षित होंगी, तभी राज्य के हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता आएगी। राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व सदस्या सुषमा साहू ने महिलाओं के संघर्ष को रेखांकित करते हुए कहा कि बिहार की महिलाएं हमेशा से सशक्त और संघर्षशील रही हैं।



# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए रिकॉर्ड समय में की गई शिक्षकों की नियुक्ति

♦ डीएम ने 772 अभ्यर्थियों के बीच औपबंधिक नियुक्ति पत्र का किया वितरण

केटी न्यूज/बक्सर

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा (तृतीय चरण) में उत्तीर्ण एवं सफलतापूर्वक काउंसिलिंग करा चुके कुल 51389 अभ्यर्थियों को रविवार को औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम राज्य के सभी जिलों में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुबह 11:00 बजे गांधी मैदान पटना से नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। साथ ही, बक्सर जिलांतर्गत चयनित विद्यालय अध्यापकों (तृतीय चरण) को नगर भवन में जिलाधिकारी बक्सर अंशुल अग्रवाल की उपस्थिति में औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।



बक्सर जिले में कुल 772 अभ्यर्थियों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया जा रहा है। जिसमें वर्ग 1-5 में कुल 286, वर्ग 6-8 में कुल 181, वर्ग 9-10 में कुल 206 एवं वर्ग 11-12 में कुल 99 अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने चयनित सभी शिक्षकों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## यह नियुक्ति पत्र एक दस्तावेज नहीं, बल्कि एक दायित्व

डीएम ने बताया कि सरकार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में प्रभावी कदम लिए जा रहे हैं। विभिन्न सरकारी संस्थाओं एवं कार्यालय तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत अभ्यर्थियों तथा कॉन्वेंट विद्यालय केंद्रीय विद्यालयों के अध्यापकों की भी परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत नियुक्ति हुई है। जिलाधिकारी ने चयनित शिक्षकों से कहा कि एक शिक्षक सिर्फ पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाता, बल्कि वह छात्रों में जीवन मूल्य, चरित्र निर्माण, और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करता है। हमारे बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए हमें अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभानी होगी। यह नियुक्ति पत्र न केवल एक दस्तावेज है, बल्कि एक दायित्व है। यह एक महत्वपूर्ण संकेत है कि आप अब शिक्षा के क्षेत्र में एक सक्रिय भूमिका निभाने जा रहे हैं। आप सभी का यह कर्तव्य होगा कि आप अपने ज्ञान, मेहनत और समर्पण से बच्चों को शिक्षा प्रदान करें और उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें।

**महिला सशक्तिकरण हेतु किया जा रहे हैं प्रयास :** जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य के बच्चों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से रिकॉर्ड समय में शिक्षकों की नियुक्ति की है। विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा प्रथम चरण में 120336 शिक्षकों की बहाली संपन्न हुई। इसमें बक्सर जिले के कुल 1765 शिक्षकों को योगदान कराया जा चुका है। द्वितीय चरण में 96 हजार 823 शिक्षकों की बहाली संपन्न हुई। इसमें बक्सर जिले के कुल 1106 शिक्षक अभ्यर्थियों को विद्यालयों में योगदान कराया जा चुका है। जो राज्य के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण हेतु कई प्रयास किया जा रहे हैं। कुल चयनित प्रारंभिक शिक्षकों में 56 प्रतिशत महिलाएं हैं। कुल चयनित माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षकों में 40 प्रतिशत महिलाएं हैं। साथ ही, बिहार में छात्र शिक्षक अनुपात सुधार कर 32:1 के अनुपात पर आ पहुंचा है।

## खबरें फटाफट

### नोनियापुरा से शराब बरामद, तस्कर फरार

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के नोनियापुरा गांव से पूरब स्थित प्रधान ईंट भट्ठा के बगल से 79 पीस टेट्रा पैक देशी शराब बरामद की है, लेकिन पुलिस को देखते ही शराब तस्कर फरार हो गया। हालांकि, पुलिस ने शराब तस्कर को चिन्हित कर लिया है। उसकी पहचान स्थानीय गांव के किशोरी केवट के रूप में हुई है। उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हो रही है। मामले में थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नोनियापुरा गांव से पूरब ईंट भट्ठा के पास एक व्यक्ति शराब बेच रहा है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस को उसे गिरफ्तार करने के लिए भेजा गया, लेकिन वह पुलिस को देखते ही शराब की खेप फेक फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि उसे जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### करंट की चपेट में आने से एक किसान की दर्दनाक मौत

**नावानगर।** सिकरौल थाना अंतर्गत बराढ़ी गांव के बधार में बिजली की करंट लगने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक किसान की पहचान उक्त गांव के त्रिलोकी यादव के रूप में हुई है। घटना रविवार दोपहर की है। इधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर सदर अस्पताल भेज दिया है। ग्रामीणों ने अनुसार कि मृतक अपनी मोटर पंप से खेत में लगी गेहूं फसल की सिंचाई कर रहा था। इसी दौरान वह बिजली तार की चपेट में आ गया। इधर पास के खेत में कार्य कर रहे दूसरे किसान ने मृतक किसान को करंट से तड़पता देख शोर मचाने लगा। शोर सुनकर जब तक ग्रामीण उक्त स्थान पहुंचते, तब तक किसान का तड़पना स्थिल हो गई थी। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई बंद कर आनन फानन में निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने किसान को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों के चित्कार से पूरा गांव गमगीन हो गया है। मृतक किसान अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र को छोड़ गया है।

## दहशत में शराब तस्करः होली के पहले एक्शन मोड में आई पुलिस, आठ गिरफ्तार

# कार्रवाई : ट्रेन में शराब तस्करों को लूटने वाला गिरोह धराया, 23.04 ली. शराब व 36.5 हजार नगदी बरामद

♦ एक गिरोह के ट्रेन से शराब लूट बरूणा व लालू हाल्ट के बीच उतरने की मिली सूचना पर पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने ट्रेन से शराब की तस्करी करने वाले तस्करों से बीच रास्ते शराब की खेप लूटने वाले एक गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने 23.04 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ ही 36.5 हजार रूपए नगद व एक बाइक बरामद की है।

प्रेस वार्ता आयोजित कर डीएसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिल रही थी कि एक गिरोह यूपी से ट्रेन के सहारे शराब की खेप लेकर आने वाले तस्करों को बक्सर से रघुनाथपुर स्टेशनों के बीच लूट ले रहे है। इस दौरान तस्करों से मारपीट भी की जाती थी तथा शराब लूटने वाले चेन पुलिंग कर शराब उतरते थे, जिसको बेच मोटी रकम कमाते थे। डीएसपी ने कहा कि इस सूचना पर एक जाल बिछा पूरी जानकारी इकट्ठा की गई। इसी दौरान पता चला कि रविवार को भी एक गिरोह ट्रेन से शराब लूट बरूणा व लालू हाल्ट के बीच उतरे है। सूचना पर डीएसपी ने एक पुलिस टीम को प्रताप बीएड कॉलेज के पास तैनात किया। टीम ने गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से शराब की खेप व नगदी व एक बाइक बरामद की। गिरफ्तार तस्करों में बक्सर के तुर्कपूरवा निवासी हैदर खान पिता अमीतुल्ला खान, शाहिद खान उर्फ छोटन पिता ताहिर खान, प्रीतम कुमार उम्र पिता उदय नारायण राम, पिथनी के जयराम यादव पिता महेंद्र यादव, मझरिया के निखिल सिंह पिता संजय सिंह, बक्सर के उज्ज्वल कुमार सिंह पिता शिव मोहन सिंह, रंजीत कुमार मिश्र पिता स्व. कृष्णमुरारी मिश्र और बरूना के रवि यादव पिता वशिष्ठ सिंह शामिल हैं।



**यूपी के स्टेशनों से ही करते थे रेकी :** गिरफ्तार किए गए तस्करों का गिरोह काफी सुनियोजित तरीके से ट्रेन से तस्करी करने वालों से शराब लूट लेता था। डीएसपी ने बताया कि गिरोह के सदस्य यूपी के रेलवे स्टेशनों से ही रेकी करते थे। जब कोई तस्कर शराब की खेप लेकर चढ़ता था तो उसकी रेकी ट्रेन में भी होती थी। फिर मौका देख बक्सर व रघुनाथपुर रेलवे स्टेशनों के बीच ये लोग तस्करों को मारपीट कर शराब की खेप छिन ट्रेन का वैक्यूम कर उतर जाते थे तथा लूटी गई शराब को बेच मोटी रकम कमाते थे।

**कई दिनों से मिल रही थी सूचना :** डीएसपी ने बताया कि मुखबिर कई दिनों ऐसी घटनाओं की सूचना दे रहे थे। जब पुख्ता जानकारी मिली कि शराब तस्कर शराब की खेप छिन रेलवे ट्रैक से एनएच 922 की ओर आ रहे है तो तत्काल एक टीम को बीएड कॉलेज के पास तैनात किया गया। इसी दौरान सभी तस्कर आते दिखाई पड़े, जिसे पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

**गिरोह के अन्य सदस्यों की हो रही है तलाश :** डीएसपी का कहना है कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर इस बात की जानकारी ली जा रही है कि उनके गिरोह में और कौन-कौन से सदस्य शामिल है। डीएसपी ने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि पूरे नेटवर्क को दबोचा जाएगा। वहीं, उन्होंने बताया कि पकड़े गए शराब तस्करों में से तीन का अपराधिक इतिहास भी है।

## पिकअप से 4645 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**सिमरी।** रंगों का पर्व होली जीवन में खुशहाली का प्रतीक है। इस पर्व को सद्भाव पूर्ण माहौल में मनाया जाना चाहिए। समाज में कुछे ऐसे लोग भी होते हैं जो अवैध गतिविधियों में शामिल रहते हैं, वैसे लोगों को चिन्हित कर विधि सम्मत कार्रवाई की आयोजन चल रही हैं। उक्त बातें डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने रविवार को सिमरी थाने में शराब बरामदगी के बाद आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि जो लोग होली त्योहार को हुड़दंग के रूप में मनाते हैं। जिसके कारण समाज में अशांति की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसे लोगों पर पुलिस का पैनी निगाह हैं। अगर कहीं से कोई भी व्यक्ति होली के माहौल को खराब करने में लगा हुआ है, तो उसकी अविलंब सूचना थाना को दें जिससे कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सकें। बता दें की शनिवार की सुबह सिमरी पुलिस के द्वारा शराब कारोबारी के उपर अबतक के सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है।



डीएसपी अफाक अंसारी ने प्रेसवार्ता मे बताया कि थानाध्यक्ष कमल नयन पाण्डेय के नेतृत्व में बड़कासिंघपुरा सुंदरपुर मार्ग के चिमनी भट्ठा के समीप विभिन्न ब्रांड के 4645 बोतल यानी 887.4 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पिकअप वाहन को जप्प किया हैं तथा दो शराब तस्कर राजकुमार पासवान निवासी कुल्हा एवं ओमप्रकाश यादव निवासी कुशलपुर थाना डुमरांव के रहने वाला हैं।

### बुढैला से 56 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर धराया

**नावानगर।** होली त्योहार के सप्ताह पूर्व नावानगर पुलिस को अंग्रेजी शराब की खेप हाथ लगी है। बरामद अंग्रेजी शराब 56 लीटर है। साथ ही एक तस्कर को भी पुलिस ने धर दबोचा है। गिरफ्तार तस्कर उक्त गांव के मालू कुमार उर्फ अंशु कुमार है। जिसे पुलिस ने जेल भेज दिया है। नावानगर थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी, कि होली पर्व को लेकर बुढ़ैला गांव में शराब की बड़ी खेप मंगवाई गई है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष ने चिन्हित घर पर छापेमारी किया। छापेमारी में भूलन सिंह के घर से भरी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बरामदगी की गई। बरामद शराब में 500 एमएल का 40 पीस किंगफिशर, 20 पिस ट्यूबर्ग बियर, 375 एमएल का 24 पिस रॉयल स्टेज ह्विस्की एवं 180 एमएल का 94 पीस 8 पीएम ह्विस्की शामिल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब कारोबारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## अगलगी: बधार में रखा 18 बीघे की फसल का पुआल जलकर राख

♦ 70 हजार की संपत्ति का हुआ नुकसान, मुआवजे की प्रक्रिया होगी शुरू

केटी न्यूज/डुमरांव

नगर के विस्तारित क्षेत्र के वार्ड 15 के बन्हेजीडेरा के बधार में रखे धान के पुआल में रविवार की रात्रि में आग लग गई थी। रात्रि में लगे आग की जानकारी किसानों को सुबह में तब हुई जब वे खेत घुमने के लिये गए। किसानों ने जले पुआल से धुआं निकलते देख शोर मचाना शुरू किया। इनका शोर सुन गांव के किसान और ग्रामीण पहुंच, निकल रहे आग बुझाने के कार्यक्रम में लग गए। सभी लोग अपने-अपने घरों से पाइप निकाल एक साथ जोड़ते हुए ट्यूबेल तक पहुंचाया, फिर आग बुझाने लगे। हालांकि तबतक सबकुछ जलकर स्वाहा हो गया था।



बन्हेजीडेरा के किसान राधाकृष्ण चौधरी के 18 बीघा फसल का पुआल पशु के चारा खिलाने के लिये रखा हुआ था। लगभग 70 हजार की संपत्ति का नुकसान होते देख परिवार के महिला और पुरूष को रोते-रोते बूरा हाल था। फिर वहां राजद के बरिष्ठ नेता अखिलेश कुमार यादव पहुंच लोगों को शांत कराते हुए उन्हें समझाया की जितनी संपत्ति का नुकसान हुआ है, उसका क्लेम करें, मुआवाज मिलेगा। गांव के लोगों ने भी पीड़ित परिवार को समझाते हुए कहा कि जो नुकसान होना था तो वह हो गया, अब इसके मुआवजा के लिये जा प्रक्रिया करनी होगी, उसके संबंध में लगना होगा।

### महिला ने मारपीट एवं दुर्व्यवहार का आरोप में दो पर दर्ज कराया केस

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के छतनवार गांव की एक महिला ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन दे दो लोगों पर दुर्व्यवहार करने व मारपीटक का आरोप लगाई है। उसके बयान पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

पुलिस को दिए आवेदन में महिला ने जिक्र किया है कि वह अपने मायके गई थी, शनिवार को जब वह अपने ससुराल आई तो मेरे बेटे ने कहा कि गांव के ही सुरेश सिंह व पप्पू सिंह हम पर घड़ी चुराने का आरोप लगा रहे है तथा काट कर फेंक देने की धमकी दे रहे है। जब मैं उक्त व्यक्ति के दरवाजे पर जाकर पूछताछ कर रही थी तो इसी बात पर हमसे गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे तथा मेरा बाल पकड़ कर जमीन पर पटक दिया। गया तथा चपल से पिटाई कर दी गई उसके बाद जाते जाते लोग मेरे गर्दन से सोने की चेन छीन ली।










## होली पर्व पर शांति व्यवस्था को ले औधोगिक थाने में कराई गई गुंडा परेड

# जारी हेल्पलाइन नंबर पर किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें सभी: थानाध्यक्ष

केटी न्यूज/बक्सर

होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए औद्योगिक थाने में पुलिस प्रशासन द्वारा गुंडा परेड कराई गई। इस दौरान पुलिस ने इलाके के असामाजिक तत्वों और अपराधियों को थाने में बुलाकर सख्त चेतावनी दी कि वे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अशांति फैलाने की कोशिश न करें।

गुंडा परेड के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि होली के मौके पर शराबखोरी, जबरन रंग लगाने, हुड़दंग मचाने या किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, पुलिस ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की और हेल्पलाइन नंबर जारी कर किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने को कहा।



इस तरह की कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहती है और त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होता है।

थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया पर्व पर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने के बड़े पदाधिकारियों के निर्देश पर गुंडा परेड कराई गई। जहा उपस्थित असामाजिक तत्व व अपराधियों को निर्देशित किया गया। वही थाने पर उपस्थिति दर्ज कराने को भी कहा गया है। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के बदमाश जो किसी न किसी गैरकानूनी धंधा में शामिल, जिनपर मारपीट, शराब पीने, छेड़खानी, चोरी, डकैती इत्यादि आपराधिक मामलो में नामजद अभियुक्त रह चुके हैं। उनको स्थानीय थाना पर बुलाकर परेड कराते हुए उन्हें होली, रामनवमी, ईद जैसे महत्वपूर्ण त्योहार को देखते हुए अपने अपने इलाके व गांव में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। थाना में पूर्व में गैर कानूनी कार्य किए जाने वालों का थाना में गुंडा रजिस्टर खोल कर उपस्थिति दर्ज कराई गई। वहीं प्रत्येक माह में दूसरे सप्ताह को थाना में आकर हाजिरी लगाने की बात कही गई।

# आदर्श शिक्षक बन वर्तमान पीढ़ी को राष्ट्र एवं समाज के नवनिर्माण के लिए करें तैयार: डॉ. चिन्मय पांड्या

◆ डुमरांव के अनंतविजयम एकेडमी पहुंचे डीएसवी यूनिवर्सिटी के प्रति कुलपति का हुआ स्वागत

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव स्थित सभापति मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एवं अनंतविजयम एकेडमी में देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांति कुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति एवं ब्रह्मवर्चस रिसर्च सेन्टर के निदेशक डॉ. चिन्मय पांड्या का आगमन हुआ। इस दौरान सभापति मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एवं अनंतविजयम एकेडमी के निदेशक चंदन मिश्र के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर एक समारोह का आयोजन भी किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. पांड्या व निदेशक श्री मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

दीप प्रज्जवलन के बाद उन्होंने डॉ. पांड्या ने अपने सबोधन में उपस्थित शिक्षकों से कहा कि आप एक आदर्श शिक्षक बन वर्तमान पीढ़ी को राष्ट्र एवं समाज के नवनिर्माण के लिए तैयार करें। उन्होंने इस विषय पर शिक्षकों को विस्तार से जानकारी दी और बताया कि राष्ट्रीय नव निर्माण की आवश्यकता क्यों है तथा शिक्षक कैसे इस लक्ष्य को पूरा कर सकते है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में युवाओं में तेजी से भटकाव हो रहा है। पाश्चात्य संस्कृतिक का अनुकरण हमारी संस्कृति व युवाओं दोनों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों को संस्कारयुक्त व नैतिक शिक्षा दे हम उन्हें राष्ट्र के नवनिर्माण कार्य में जोड़ सकते है।

इसके बाद उन्होंने सभापति मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एवं अनंतविजयम एकेडमी के पूरे कैम्पस का विधिवत भ्रमण कर अवलोकन किए तथा बेहतर शिक्षा के लिए कई दिशा निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने एकेडमी में स्थित भारतीय नस्ल की गीर एवं साहीवाल गायों की गोशाला का निरीक्षण किया तथा इस प्रयास के लिए निदेशक चंदन मिश्र की तारीफ की और कहा कि गाय तथा गंगा हमारी संस्कृति के अमिट धरोहर है। उन्होंने स्वावलंबी युवा-सबल राष्ट्र की विचारधारा पर बल देते हुए युवाओं को स्वावलंबी बनने की प्रेरणा प्रदान की।

जबकि सभापति मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एवं अनंतविजयम एकेडमी के प्रेसिडेंट चन्दन कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रतिकुलपति के दिशा निर्देश के अनुसार महाविद्यालय व विद्यालय में कई सृजनात्मक कार्यों को प्रारम्भ किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि डॉ. चिन्मय पांड्या का व्याख्यान अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व के प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों में होता है। उनका डुमरांव एवं बक्सर की धरती पर आना बक्सर जिले के लिए गौरव का विषय है। श्री मिश्र ने कहा कि उनका प्रयास रहता है कि छात्रों को संस्कारयुक्त शिक्षा दी जाए। उन्होंने कहा कि छात्रों को बेहतर व नैतिक शिक्षा देने के लिए ही इस कॉलेज व स्कूल की स्थापना की गई है। मौके पर दोनों संस्थानों के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### युवक के गले से छीना सोने का चेन

**नावानगर।** थाना क्षेत्र के दंगौली मोड़ के पास रविवार को हथियारबंद अपराधियों ने एक बाइक सवार युवक के गले से सोने की चेन छीन कर भाग निकलने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पिलापुर निवासी बृज सिंह ने अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में पीड़ित ने बताया कि एक बाइक पर सवार दो अपराधियों ने फायरिंग करते हुए उनकी बाइक रूकवाई। जिसके बाद उसके गले से सोने की चेन छीन कर भाग निकले। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सात वारंटी गिरफ्तार

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने रविवार को फरार चल रहे सात वारंटियों को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार पकड़े गये वारंटियों में दक्षिण टोला के ज्ञानचंद राम, उमाशंकर राम, निमेज टोला निवासी मुन्ना प्रसाद गुप्ता, छठिया पोखरा के रामजी प्रसाद, मनजीत माली, बलिराम दास की गली मोहल्ले का रहने वाला श्रीलाल साह और बंधन पटवा के रामू पटवा को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू भगत ने बताया कि सभी को कागजी कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।

## एमडीजे स्कूल के 16वें वार्षिकोत्सव में छात्रों ने बिखेरा जलवा, छात्रों ने कार्यक्रम में लगाए चार चांद

# शिक्षा हमारे जीवन का आधार, जो हमें ज्ञान व समझ प्रदान करती है: सभापति





**केटी न्यूज/नावानगर**

◆ विद्यालय की एक और शाखा एमडीजे गर्ल्स पब्लिक स्कूल का बिहार विधान परिषद के सभापति ने फीता काट किया उद्घाटन

एमडीजे पब्लिक स्कूल सोनवर्षा में 16वां वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। जिसमें छात्रों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत एवं रिकार्डिंग गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यालय के छात्रों ने सरस्वती वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया उसके बाद स्वागत गीत एवं नृत्य पर छात्रों ने ऐसा समां बांधा कि लोग अपनी जगह से टस से मस नहीं हुए।

छात्रों ने अपने पिटारे से सुबह सबेरे लेकर तेरा नाम प्रभु, ये तो सच है कि भगवान है, ऐसा देश है मेरा, मानो तो मैं गंगा मां हूं समेत अनेकों गीत-संगीत व नृत्य प्रस्तुत किए। वही छात्रों ने इंग्लिश असेम्बली, रामबनवास नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, जगदीशपुर विधायक राम विशुन सिंह लोहिया, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा. रणविजय कुमार एवं विद्यालय के निदेशक डॉ नंद कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सभी आगंतुकों को विद्यालय के डायरेक्टर ने सम्मानित किया।

सभापति ने फीता काटने स्कूल का उद्घाटन करने के बाद कहा कि शिक्षा ही हमारे जीवन का मूल आधार है। यह हमें ज्ञान, समझ और सशक्तिकरण प्रदान करती है। साथ ही इस तरह के आयोजन से समाज में जागरूकता आती है। बच्चों का मानसिक एवं बौद्धिक विकास तो होता ही है। साथ ही साथ कला के क्षेत्र में भी बच्चों को कैरियर निर्माण का सुअवसर प्राप्त होता है। वही विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस तरह का विद्यालय बहुत कम देखने को मिलता है जहां पर सभी अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर टैलेंटेड शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं होनहार छात्र हो। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक मुन्ना कुमार ने किया। मौके पर मेजर राणा प्रताप सिंह, केसठ मुखिया अरविन्द यादव उर्फ गामा पहलवान, कांग्रेस वरिष्ठ नेता वकील यादव, नवानगर पूर्वी जिला पार्षद राजीव यादव, रेखा शर्मा समेत सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टांप मौजूद थे।

### एमडीजे गर्ल्स पब्लिक स्कूल का हुआ उद्घाटन

सोनवर्षा स्थित अमरपुरी में विद्यालय की एक नई शाखा एमडीजे गर्ल्स पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एम डी जे के प्रबंधक ने ग्रामीण क्षेत्र में गर्ल्स स्कूल खोल बेटियों को सम्मान दिया है। ताकि बेटियां पढ़ लिखकर हर क्षेत्र में बेहतर कर सके। कहा बेटा- बेटी दोनों एक गाड़ी के पहिया है। जीवन को आगे बढ़ाने के लिए बेटा व बेटी दोनों को समानांतर शिक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को अपनी बेटियों को बेहतर शिक्षा प्राप्त होने में सहयोग करने की अपील किया।

## एक नजर

### कर्मचारी महासंघ गोपगुट का 10 से 12 अप्रैल को आयोजित सम्मेलन को ले हुई समीक्षा बैठक



**बक्सर।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोपगुट का 10 से 12 अप्रैल को बक्सर मे होने वाले राज्य सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा बैठक ग्रामीण कार्य विभाग में की गई। जिसकी अध्यक्षता महासंघ के जिला अध्यक्ष लवकुश सिंह तथा संचालन सचिव महेन्द्र कुमार ने किया। राज्य सम्मेलन तैयारी की समीक्षा राज्य महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा ने बिंदुवार लिया। जिलाध्यक्ष लव कुश ने सभी अध्यक्षों एवं सचिवों को संबोधित करते हुए आश्वस्त किया कि यह सम्मेलन बक्सर जिला के लिए ऐतिहासिक होगा और इससे कर्मचारी आंदोलन को मजबूती प्रदान होगी। जिसमें सहायक, किसान सलाहकार, आशा, पशुपालक साथी, मौसमी कर्मचारी, शिक्षक इत्यादि बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और इसको ऐतिहासिक बनवाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से प्रेमचंद चक्रवर्ती, ओमप्रकाश, दीनानाथ सिंह, उमाशंकर मिश्र, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार सिंह, नसीम मोहम्मद, सुमन कुमार समेत अन्य संघ के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे।

### होली पवित्रता का प्रतीक है, होली में हमारा चेहरा विभिन्न रंगों से भरपूर हो जाता है: रानी दीदी

**बक्सर।** ब्रह्मा कुमारीज बक्सर के द्वारा अलौकिक होली स्नेह-मिलन समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें बड़े ही धूमधाम से और शांतिपूर्ण ढंग से होली के आध्यात्मिक मूल्यों को चरितार्थ करते हुए अलौकिक होली मनाई गई। जिसमें संस्था की संचालिका रानी दीदी ने बताया कि होली अर्थात पवित्रता का प्रतीक, जिस प्रकार होली के रंग से हमारा चेहरा विभिन्न रंगों से भरपूर हो जाता है ठीक उसी प्रकार जीवन में खुशी एवं सुख के रंगों से सबका जीवन सदा के लिए रंग जाए। इस समारोह में रमेश चंद्र उपाध्याय, संतोष कुमार उपाध्याय, वशिष्ठ सिंह, अरविंद चौबे एवं विशेष रूप से मीडिया बन्धुओं ने भी शिरकत की एवं संस्था के सैकड़ो भाई बहनें उपस्थित रहें।

## पुराना भोजपुर और नगर में बूथ कमेटी बनाने पर दिया गया जोर



**डुमरांव।** जदयू की ओर से जारी श्लोगन बूथ जीतो, चुनाव जीतो को लेकर जिले में कार्यकर्ता काफी गंभीरता से लेते हुए काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में अनुमंडल मुख्यालय के डुमरांव व पुराना भोजपुर में कार्यकताओं की बैठक आयोजित किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से डुमरांव विधान सभा प्रभारी रवि उज्जवल कुशवाहा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि 2025 के चुनाव में डुमरांव विधान सभा में जदयू झंडा लहराएगा। वर्तमान विधायक अजीत कुशवाहा से लोगों में काफी नाराजगी है, उन्होंने केवल जनता को ठगने का काम किया है। नगर के राजगढ़ चौक पर बूथ कमिटी का गठन किया गया, जिसमें 10 बूथ कमिटी बनाए गए। वहीं पुराना भोजपुर में 12 बूथ कमिटी का गठन किया गया। बैठक में विमलेश सिंह, नथुनी खरवार, कमल चौरसिया, लक्ष्मण चौधरी, यत्यनारायण ठाकुर, पारस चौधरी, संजय कुमार, बबन प्रसाद, शरीर कुमार, जगजीवन कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## सैनिकों की समस्याओं का हरहाल में किया जाएगा निष्पादन:

**केटी न्यूज/बक्सर**

आईईएसएम बक्सर की मासिक मीटिंग जिलाध्यक्ष सूबेदार हरेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में मां मुंडेश्वरी अस्पताल परिसर स्थित सैनिक कार्यालय में की गई। जिसमें बक्सर जिला के हर कोने और उत्तर प्रदेश के सैनिकों ने भी सैकड़ों की संख्या में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे ने किया। अध्यक्ष द्वारा सैनिकों को मिलने वाली हर सुविधाओं पर विशेष चर्चा की गई। सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा संगठन की एकता बनाए रखने के लिए विशेष जोर दिया गया।

मीटिंग में आए हुए कुछ सैनिकों ने अपनी समस्याओं को संगठन के समक्ष रखा। जिस पर उन्हें हर तरह की मदद करने का आश्वासन दिया गया। आईईएसएम के हेल्थ केयर शाहाबाद जोन के अध्यक्ष डॉ. मेजर पीके पाण्डेय ने बताया कि आईईएसएम बक्सर की एकता और कार्यों का वर्णन हिंदुस्तान के हर कोने में किया जा रहा है। डॉ. मेजर पीके पाण्डेय और पूरी टीम के द्वारा आर्थिक मदद कर कंजिया के एक गरीब परिवार की बेटी की शादी कराने पर सभी सैनिकों ने काफी सराहना की। गाजीपुर जिलाध्यक्ष हवलदार मार्कण्डेय सिंह की निधन पर संगठन ने दो मिनट का मौन धारण किया गया। जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे ने बताया कि पीसीडीए प्रधान नियंत्रक संदीप सरकार के नेतृत्व में दिन रात रफ्तार में कार्य कर सैनिकों की पेंशन संबंधित समस्याओं का निदान किया जा रहा है। नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की और पूर्ण समर्थन करने का आश्वासन दिया।




## बदहाल: छठिया पोखरा जलमीनार से की जा रही दूषित पानी की आपूर्ति

# रमजान के पाक महीने में दूषित पानी की जलापूर्ति होने से रोजेदारों को हो रही परेशानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



रमजान का पवित्र महीना चल रहा है, रोजेदार नमाज अदा करने के लिये मुंह-हाथ धोकर बैठते हैं। इधर भूमिगत पाइप के सहारे जलमीनार से होने वाला पानी दूषित होने के कारण रोजेदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे परेशानी घर की महिलाओं को झेलना पड़ रहा है।

पानी के लिये दूसरे के घरों में जाना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी छठिया पोखरा के जलमीनार से होने वाले गंदा जलापूर्ति से हो रहा है। इससे जलमीनार से जुड़े परिवारों को द्वारा नगर परिषद से शिकायत करने के बाद भी इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

बताते चलें कि रमजान के पाक महीना में रोजेदारों को रोजा खोलने से पहले स्नान करना जरूरी होता है। इतना ही नहीं दोपहर, शाम और रात्रि में रोजा खोलने से लेकर सेहरी व नमाज तरावीह तक लोगों को हाथ, मुंह व पैर धोकर साफ होना रहता है। छठिया पोखरा के जलमीनार से एक दर्जन से अधिक मोहल्लों में जलापूर्ति की सप्लाई होती है। जिसमें शहीद मर्द रोड, शहीद मजार रोड, गौशाला रोड, मनबहाल राउत की गली, बंधन पटवा रोड, हबीबुल्ला खां की गली, जुम्मा खां की गली, तूफानी साह की गली साथ ही अन्य मोहल्लों में जलापूर्ति होती है। भूमिगत बिछाए गए जलापूर्ति के पाइप कहीं-कही नाली के संपर्क में भी हैं। दर्जनों स्थानों पर पाइप टूटा हुआ है, जिसका संपर्क नालियों से है। उस टूटे पाइप के सहारे नाली का गंदा पानी जलापूर्ति के पाईप प्रवेश कर उसे दूषित कर देता है। जिसके कारण उन्हें साफ पानी के तलाश में घर से उन्हें निकलना पड़ जाता है। इस संबंध में रोजेदार मो. शाहीद हाशमी, मो. शहबाज हाशमी, मो. ताहिर, ग्यासुदीन अंसारी, मन्ना अंसारी, नदीम खां, नगमा बेबी, मेराज, अब्दुल, शहीद अन्य का कहना है कि रमजान के पाक महीने में जलापूर्ति होने वाले गंदा पानी पर रोक के लिये कोई इंतजाम नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में जब नप चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने बताया कि पीएचईडी द्वारा अभी नप ने हैंड ओवर नहीं किया गया है।



# बक्सर पत्रकार संघ का होली मिलन समारोह में बेहतरीन कार्य करने वाले चार पत्रकार सम्मानित

♦ बक्सर पत्रकार संघ का होली मिलन समारोह संपन्न, शामिल हुए जिले के दर्जनों पत्रकार

केटी न्यूज/बक्सर






बक्सर पत्रकार संघ के बैनर तले रविवार को बक्सर के एक निजी होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में दर्जनों पत्रकार शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद बारी बारी से सभी पत्रकारों को अबीर गुलाल लगा तथा अंग वस्त्र दे सम्मानित किया गया। वहीं, पिछले एक वर्ष में पत्रकारिता क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले चार पत्रकारों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिन पत्रकारों को सम्मानित किया गया, उनमें प्रतिमा भारद्वाज, धर्मेन्द्र पाठक, कमलेश सिंह व प्रेमनाथ दूबे के नाम शामिल है। जिन्हें बक्सर पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष अविनाश उपाध्याय के साथ साथ संघ के संरक्षक रामइकबाल ठाकुर ने अपने हाथों मेडल दिया।

होली मिलन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षत संघ के अध्यक्ष अविनाश उपाध्याय ने जबकि संचालन सचिव रवि मिश्र ने किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष अविनाश ने कहा कि होली हम सभी का सबसे बड़ा त्योहार है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार भाईचारे का संदेश देता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें दुश्मन को भी गले लगाया जाता है। उन्होंने सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। मौके पर मुस्ताक हुसैन बंटी महासचिव, उपाध्यक्ष ओंकार मिश्रा, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौबे उर्फ चुन्नू, उमेश पांडेय, विमल कुमार, संजय उपाध्याय, अरविंद तिवारी, पंकज कमल, शंकर पांडेय, मो. मोइन, सत्यप्रकाश पांडेय, बजरंगी लाल, जितेन्द्र कुमार, रेहान अहमद, राजेश तिवारी, दिलीप ओझा, निशांत कुमार, अमित चन्द्रा, राजेश कुमार, विकाश पांडेय, श्रीकांत दुबे, धर्मेन्द्र पाठक, विश्वंभर भारद्वाज, प्रमोद चौबे, दिनेश राय, नवीन पाठक, रजनी कांत दूबे, मनीष कुमार, अनिश पाठक, संजीव कुमार दूबे, सुमित पांडेय, दिनेश राय, जय प्रकाश मिश्र, सुधीर कुमार समेत कई अन्य पत्रकार शामिल थे।

## भागने के दौरान पुलिस व अपराधियों के बीच मुठभेड़ के दौरान दो अपराधी जख्मी

# आरा में हथियारबंद अपराधियों ने प्रोपर्टी डीलर को मारी गोली

♦ पुलिस ने अपराधियों के पास से दो देशी पिस्तौल बच्चे जिंदा कारतूस किया बरामद

केटी न्यूज/आरा



जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नयका टोला स्थित ओवर ब्रिज पर रविवार की शाम बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने बाइक प्रोपर्टी डीलर को गोली मार दी। जख्मी प्रॉपर्टी डीलर को दो गोली पर में लगी है । जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गया। कोई घटना को अंजाम देने के बाद भागने के क्रम में मौके पर पहुंची पुलिस टीम व अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई जिसमें मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से दोनों अपराधी भी जख्मी हो गए।

इसके बाद जख्मी प्रॉपर्टी डीलर को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से आरा शहर के निजी अस्पताल लाया गया जबकि दोनों अपराधियों का इलाज पुलिस अभिरक्षा में सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौरा गांव वार्ड नंबर 10 निवासी स्वर्गीय अनुराग सिंह का 36 वर्षीय पुत्र पप्पू सिंह है। वह पेशे से प्रॉपर्टी डीलर है एवं जमीन खरीद बिक्री का काम करता है। जबकि जख्मी अपराधियों में रोहतास निवासी छोटू मिश्रा एवं विपुल तिवारी शामिल हैं। वहीं घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, थानाध्यक्ष बिगाऊ राम एवं सर्किल इंस्पेक्टर प्रभाष कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। वही घटना की सूचना पाकर एसपी राज आरा सदर अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

मामले में एसपी राज ने बताया कि जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अपराधी जिनके काफी अपराधी के इतिहास रहा है। उनमें छोटू मिश्रा और विपुल तिवारी है। इनमें छोटू मिश्रा तीन महापूर्व ही भागलपुर जेल से रिहा हुआ है। उन्होंने बताया कि नयका टोला ओवर ब्रिज पर बाइक लगाने को लेकर दोनों अपराधियों एवं पप्पू सिंह के बीच विवाद हुआ जिसके बाद दोनों अपराधियों द्वारा पप्पू सिंह पर गोली मार दी गई। जिसमें गोली उनके पैर में लग गई और उनकी स्थिति ठीक है। एसपी ने बताया की गोली मारकर जब जब दोनों अपराधी भागने का प्रयास कर रहे थे। तभी सूचना पाकर सूचना मिलते ही जगदीशपुर पेट्रोलिंग पुलिस एवं थानाध्यक्ष की टीम वहां पहुंच पहुंच अपराधियों को पकड़ने का प्रयास करने लगी। तभी दोनों अपराधी पुलिस पर फायरिंग करने लगे। जिसके पुलिस भी अपने आत्मरक्षा में फायरिंग की। जिसमें पैर मैं गोली लगने से दोनों अपराधी जख्मी हो गया। के बाद पुलिस अभी रक्षा में दोनों अपराधियों का इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

### बिना कुछ बोले फायरिंग कर दी

इधर प्रॉपर्टी डीलर पप्पू सिंह ने बताया कि वह बाइक पर सवार होकर अपने गांव से जगदीशपुर गांव तिलक समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। उसी दौरान नयका ओवर ब्रिज पर एक बाइक पर सवार हेलमेट पहने दोनों अपराधी आएं और उन पर बिना कुछ बोले फायरिंग कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं दूसरी तरफ जख्मी प्रॉपर्टी डीलर पप्पू सिंह ने अपने उक्त दोनों अपराधियों से अपने किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से इनकार किया है। साथी उन्होंने दोनों अपराधियों पर लूट की नीयत से खुद को गोली मारने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

उन्होंने बताया कि दोनों अपराधियों के पास से पुलिस ने 2 पिस्टल एवं जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। साथ ही एक बाइक भी जब्त की गई है। पुलिस दोनों अपराधियों से पूछताछ कर रही है इन लोगों का काफी अपराधी के इतिहास है।

## ट्रेन से गिरकर मजदूर की मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कारीसाथ स्टेशन के समीप रविवार की दोपहर ट्रेन से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक रोहतास जिला के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के दिनेश वाटिका तेंदुनी गांव निवासी सोमारू तुरहा का 23 वर्षीय पुत्र टेंगर तूरहा है। इधर मृतक की पत्नी सरस्वती देवी ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 8 बजे वह घर से बोलकर निकले थे कि मैं आरा दवा लेने जा रहा हूं। उसी बीच करीसाथ स्टेशन परिवार लघुशंका करने के लिए ट्रेन से नीचे उतरे थे। तभी ट्रेन खुल गई। जिसके बाद वह दौड़कर ट्रेन पर चढ़ने लगे। तभी असंतुलित होकर वह ट्रेन से गिर गए। जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद एक व्यक्ति द्वारा फोन कर इसकी सूचना उन्हें दी गई। सूचना पाकर परिजन आरा रेल थाना पहुंचा। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने मां-बाप के इकलौते संतान था। उसके परिवार में पत्नी सरस्वती देवी व चार पुत्री शिवानी,सोनिया,पूजा, खुशी एवं एक पुत्र दीपू है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी सरस्वती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ट्रेन से गिरकर मजदूर की हुई मौत

♦ पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

♦ दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कारीसाथ स्टेशन के समीप रविवार की दोपहर घटी घटना

केटी न्यूज/आरा



दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कारीसाथ स्टेशन के समीप रविवार की दोपहर ट्रेन से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक रोहतास जिला के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के दिनेश वाटिका तेंदुनी गांव निवासी सोमारू तुरहा का 23 वर्षीय पुत्र टेंगर तूरहा है। इधर मृतक की पत्नी सरस्वती देवी ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 8 बजे वह घर से बोलकर निकले थे कि मैं आरा दवा लेने जा रहा हूं। उसी बीच करीसाथ स्टेशन परिवार लघुशंका करने के लिए ट्रेन से नीचे उतरे थे। तभी ट्रेन खुल गई।

जिसके बाद वह दौड़कर ट्रेन पर चढ़ने लगे। तभी असंतुलित होकर वह ट्रेन से गिर गए। जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद एक व्यक्ति द्वारा फोन कर इसकी सूचना उन्हें दी गई। सूचना पाकर परिजन आरा रेल थाना पहुंचा। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने मां-बाप के इकलौते संतान था। उसके परिवार में पत्नी सरस्वती देवी व चार पुत्री शिवानी, सोनिया, पूजा, खुशी एवं एक पुत्र दीपू है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी सरस्वती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।




## एनसीसी के कैडेट को मिला बी-प्रमाण पत्र

**बक्सर।** रविवार को 30 बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वाधान में "बी" प्रमाण पत्र कि लिखित परीक्षा रविवार को एमभी कॉलेज, बक्सर में संपन्न हुआ। परीक्षा 30 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन और 42 बिहार बटालियन के एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अनुप कुमार के देखरेख में सम्पन्न हुआ। परीक्षा में लगभग 482 कैडेटो ने भाग लिया। जिनमें 211 कैडेट 30 बिहार बटालियन के और 246 कैडेट 5 बिहार बटालियन, आरा के भी शामिल रह। इस संबंध में कैंप कमांडेंट कर्नल ने बताया की "बी" प्रमाण पत्र की परीक्षा चार भागों में होती है, इसमें से एक प्रैक्टिकल और तीन विषयों की लिखित परीक्षा होती है, उन्होंने बताया विगत शनिवार को ही प्रैक्टिकल परीक्षा ले लिया गया।

## बेलगाम ट्रक ने बारात से वापस लौट रहे बाइक सवार सब्जी कारोबारी को मारी टक्कर, मौत

केटी न्यूज/आरा




आरा-बक्सर एनएच पर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बामपाली मोड़ के समीप बेलगाम ट्रक ने बारात से वापस लौटे बाइक सवार सब्जी कारोबारी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और उक्त ट्रक को जब्त कर लिया है।

जानकारी के अनुसार मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के छोटकी हरदिया गांव निवासी हरेराम सिंह का 28 वर्षीय पुत्र विद्यासागर सिंह है एवं पेशे से सब्जी कारोबारी था। इधर मृतक के परिजन ने बताया कि शनिवार की शाम वह बाइक पर सवार होकर अपने गांव से बड़हरा थाना क्षेत्र के काजी चक गांव अपने रिश्तेदार के यहां बारात में शामिल होने गए थे। रविवार की सुबह जब वह बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। उसी दौरान बामपाली मोड़ के समीप बेलगाम ट्रक ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद मौका पर पहुंची पुलिस उसे संतुष्टि को लेकर आरा सदर अस्पताल ले आई। जहां चिकित्सक ने देख मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस द्वारा इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। सूचना पाकर मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। जिसके पश्चात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर था। उसकी शादी 26 फरवरी वर्ष 2023 में हुई थी। उसके परिवार में मां शांति देवी,पत्नी गुंजा देवी एवं एक पुत्र लक्की कुमार है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में 12 लोगों पर तीन लाख 72746 रुपये की गई जुर्माना

# अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वालों के विरूद्ध की बड़ी कारवाई, 12 पर प्राथमिकी

केटी न्यूज/बक्सर



बिजली विभाग ने बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चला रहा है। अभियान के दौरान शनिवार को सुबह 12:30 में ग्रामीण एसडीओ रविराज के नेतृत्व में कनिय अभियंता अतुल यादव, सारणी पुरुष लालधारी यादव, मानवबल निरज सिंह, मानवबल महेश कुमार के द्वारा 12:50 में इस्माइलपुर पांडेपट्टी, पो. गजाधरगंज में पहुंचा तो पाया गया कि शंकर प्रसाद के घर में बिजली चोरी करते पाया गया तो वहीं शंकर प्रसाद पर 38553 रुपये का जुर्माना किया। बिजली वहीं फरजाना खातुन पर 29785, शांति देबी पर 16815, रामपुजन राय पर 20869 पर, भिखारी राम पर 8320 पर, गफूर मियां पर 5275 पर, राजेंद्र प्रसाद पर 26711 पर, सुरेन्द्र बिंद पर 48529, सुरेश बिंद पर 20838, रमानी देबी पर 22020, गुड्डू बिंद पर 12772 रुपये का जुमार्ना के साथ-साथ प्राथमिक दर्ज किया गया।

वहीं ग्रामीण एसडीओ रविराज ने बताया कि जांच दल 02:30 बजे अपराह्न में विकास कुमार बिंद पिता स्व. दशरथ बिंद ग्राम-मिलिकिया, पंचायत छोटका मुआंव थाना मुफस्सिल बक्सर में आटा चक्की पर पहुंचा तो पाया कि उक्त परिसर में एक वैद्य विद्युत संका है, जिसका उपभोक्ता संख्या 218207342802, एलटीआईएस-आईडी श्रेणी है। जांच के क्रम में पाया गया कि उपभोक्ता द्वारा अपने विद्युत स्मार्ट मीटर संख्या- 314399 के आगत तीनों तार में टोका लगा कर बाईपास करते हुए लगभग 75 एचपी 5.595 किलोवाट भार तथा 7403 यूनिट का अवैध विद्युत उपभोग किया जा रहा है। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पटना को 122259 रुपये मात्र की आर्थिक छति हुई एवं इतनी ही राशि का लाभ उपभोक्ता को हुआ है। उक्त सभी जुर्माना राशि में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 152 के तहत कम्पाउंडिंग की राशि सम्मिलित नहीं है। उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। वहीं रविराज ने बताया कि अब विधुत चोरी करने वाले को अब खेर नही है।



## संक्षिप्त समाचार

### होली और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

**लातेहार, एजेंसी।** सदर थाना परिसर में होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में अंचल अधिकारी अरविंद देवाशिष टोप्पो, एसडीपीओ अरविंद कुमार, नगर प्रशासक राजीव रंजन व थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े समेत कई गणमान्य लोग और ग्रामीण जन प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में रजक ने कहा कि होली प्रेम और भाईचारे का पर्व है, इसे मिल-जुलकर मनाने की परंपरा बनाए रखना चाहिए। उन्होंने डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजाने की सख्त हिदायत दी। कहा कि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बैठक में कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और सादे कपड़ों में भी पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अप्रिय घटना की आशंका हो तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। थाना प्रभारी दुलाड़ चौडे ने बताया कि होली के दौरान उपद्रव करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा हमारी पुलिस टीम लगातार गश्त करेगी और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने लोगों से होली को पारंपरिक तरीके से हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बैठक के बाद लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामनायें दी।

### चतरा में पटाखे की चिंगारी से किराने की दुकान में लगी आग, ढाई लाख का सामान जलकर खाक

**चतरा, एजेंसी।** न्यू पुलिस लाइन जितनी मोड़ के समीप बारातियों द्वारा की गयी आतिशबाजी के दौरान निकली चिंगारी से एक किराने की दुकान में आग लग गयी। इससे दुकानदार को ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना शनिवार देर रात की है। आग लगने की जानकारी मिलने के बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गयी। लेकिन जब तक दमकल विभाग की गाड़ी आग बुझाने के लिए आयी तब तक दुकान पर रखा सामान जलकर खाक हो गया था। दुकानदार अमित कुमार पासवान ने बताया कि दुकान के बगल में जगदीश साहू के पुत्र सुबोध कुमार साहू की शादी थी। रास्ते से बारात गुजर रही थी, इस दौरान बारातियों द्वारा आतिशबाजी की जा रही थी। दुकान के पास सावधानी से आतिशबाजी करने की बात कह कर वह अपने घर चला गया। कुछ देर बाद पटाखे की चिंगारी से दुकान में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलने के 40 मिनट बाद दमकल वाहन पहुंचा। तब तक दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया था। उन्होंने बताया कि दमकल वाहन समय पर आता तो कुछ समान जलने से बच सकता था। दुकान के संचालक अमित ने बताया कि वह छह साल से दुकान चला कर जीविकोपार्जन कर रहा था। महिला मंडल से लोन लेकर दुकान का सामान लाया था। दुकान जलने से लोन चुकाने की चिंता सताने लगी है। उन्होंने सदर थाना और अग्निशमन कार्यालय को आवेदन दिया है।

### होली पर बिहार व यूपी जाने वाली सभी ट्रेनें फुल, टिकटों की लंबी वेटिंग

**जमशेदपुर, एजेंसी।** होली पर यदि अपने घर बिहार या यूपी जाना चाह रहे हैं, तो अभी से अलर्ट हो जाएं। क्योंकि जमशेदपुर से बिहार जाने वाली सभी ट्रेनों में नोरूम की स्थिति है। रिजर्वेशन टिकटों की लंबी वेटिंग लिस्ट चल रही है। होली के बाद वापसी के समय भी ट्रेनों में यही स्थिति है। टाटा से बिहार जाने वाली टाटा-कटिहार व टाटा-छपरा एक्सप्रेस ट्रेन में हर दिन यात्रियों की भारी भीड़ रह रही है। वहीं, मुंबई, चेन्नई, दिल्ली, लुधियाना, जालंधर से टाटानगर आने-जाने वाली ट्रेनों में भी टिकटों की मारा-मारी चल रही है। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब और मथुरा जाने वाली ट्रेनों में भी टिकट मिलना मुश्किल है। ज्ञात हो कि जमशेदुपुर के बड़ी संख्या में लोग मुंबई, चेन्नई, दिल्ली जैसे बड़े शहरों में काम करते हैं। उन्हें होली पर घर आने के लिए टिकट नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में उनके लिए त्योहार की खुशी फीकी पड़ सकती है।

## स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम पर मंडराया रोजी रोटी का संकट,

# आठ महीने से नहीं मिली सैलरी

**चतरा/रांची, एजेंसी।** जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम को पिछले आठ माह से वेतन नही मिला है, जिसकी वजह से उनके समक्ष भुखमरी जैसे हालात उत्पन्न हो गए है। दुकानदार राशन देने से इनकार कर दे रहे है। अगर एक या दो दिनों के भीतर वेतन नही मिलता है तो रंगों और भाईचारे का महापर्व होली फीकी रह जाएगी। बताया गया कि जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में कुल ग्यारह एएनएम कार्यरत हैं, जिन्हें जुलाई-2024 से वेतन नही मिला है। सभी एएनएम कार्यालय के चक्कर लगाकर थक चुके है। सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापित प्रधान लिपिक भानू ज्योति आवंटन नही आने का बहाना बनाकर टाल रहे है।



पिछले एक माह से आवंटन भी आ चुका है। बावजूद इसके वेतन का भुगतान नही किया गया है। एएनएम का कहना है कि वेतन निकासी के एवज में कमीशन की मांग की जा रही है।

कमीशन नही देने पर रोजाना बहाना बनाकर टाल दिया जाता है। एएनएम का कहना है कि जल्द ही वेतन भुगतान नही होता है तो आंदोलन करते हुए उपायुक्त से लिखित शिकायत की जाएगी।

नगर निगम के मृत कर्मियों के आश्रितों ने शनिवार को आवेदन के माध्यम से प्रशासक संदीप सिंह से होली के त्योहार से पूर्व सातवें वेतनमान का बकाया एरियर भुगतान करने की मांग की है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने यह भी कहा है कि बकाया राशि के भुगतान लिए आश्रितों को नगर निगम की ओर से दोड़ाने का काम न किया जाए। इसलिए उच्चस्तरीय विभाग को आश्रितों की मांगों से अवगत कराते हुए संबंधित मांगों को पूरा कराया जाए।

आश्रितों ने बताया कि जानकारी मिली है कि नगर निगम की ओर से पारिवारिक पेंशन पीएमसी एक्ट के तहत 400-500 रुपये देने पर विचार किया जा रहा है। हाईकोर्ट के आदेश पर तीन आश्रित परिवार को राज्य सरकार के समतुल्य पारिवारिक पेंशन दिया गया है।

राज्य सरकार के अनुसार, नगर निगम अपने कर्मियों के आश्रितों को पारिवारिक पेंशन देने के लिए सक्षम है। इसमें नगर विकास विभाग की कोई भूमिका नहीं है।

उन्होंने प्रशासक से आग्रह करते हुए कहा कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए सभी आवेदकों की नियुक्ति एक साथ तृतीय वर्ग के लिए की जाए या सभी आश्रितों को होने वाली कठिनाई का समाधान किया जाए।

उन्होंने स्मारक पत्र भेजकर राज्य सरकार से आग्रह किया है कि चतुर्थ वर्ग के पद का सृजन जल्द से जल्द किया जाए। मौके पर सोनिया कच्छप, सोनी तिर्की, रीता लिंडा इत्यादि उपस्थित थीं।

## गढ़वा में चोरी के बड़े मामले का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**गढ़वा, एजेंसी।** जिला मे मंगलवार को धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में चोरी के प्रयास और बंशीधर नगर के कचहरी के समीप कंप्यूटर सेंटर में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर लिया। इसमें संलिप्त दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। साथ ही चोरी का सामान भी बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार दोनों आरोपियों में उत्तर प्रदेश के दूधी थाना क्षेत्र के निमियाडीह ग्राम निवासी सरफराज अंसारी और उसी थाना के डीघुल ग्राम निवासी निवासी अंकित कुमार यादव का नाम शामिल है। वहीं, चोरी का बरामद किए गए सामानों में दो प्रिंटर, एक इन्वर्टर बैटरी, एक लेमिनेशन मशीन, तीन मोबाइल, एक की-बोर्ड, एक माउस समेत 6000 रुपये नकद 6 हजार रुपए शामिल हैं।

गढ़वा एसपी दीपक पाण्डेय ने बताया कि 3 मार्च को धुरकी थाना के सगमा स्थित सेंट्रल बैंक में चोरी के प्रयास और स्थानीय थाना क्षेत्र में कोर्ट के समीप दो दुकानों में हुए चोरी की घटना के बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठित की गई। इस आलोक में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी ने घटना को लेकर अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। एसपी ने बताया कि घटना में तीन आरोपी शामिल थे।

## पलामू में ट्रक और बाइक की भीषण टक्कर, दो युवकों की मौत

**पलामू, एजेंसी।** पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ एनएच 139 पर बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने रौंद डाला। जिससे दोनों युवकों की मौत घटनास्थल पर हो गयी। घटना देर रात 1।30 बजे की बतायी जाती है। धक्का मारने के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। डेड बॉडी सड़क पर रहने के कारण 15 मिनट तक सड़क जाम भी रहा। हालांकि ट्रक का नंबर प्लेट घटना स्थल पर ही गिरा पड़ा मिला। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस छानबीन कर रही है।



मृतकों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला के मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवगंज के 26 वर्षीय रविकांत कुमार (पिता मुंशी प्रसाद) और गया जिले के खिजर सराय थाना क्षेत्र के चिरैली के 20 वर्षीय सुनील कुमार (पिता श्रवण साव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविकांत और सुनील एक ही मोटर साइकिल (बीआर 26ए ए6422) से छतरपुर की ओर से आ रहे था। दोनों को हरिहरगंज स्थित मुकेश गुप्ता के किराये के मकान में जाना था, दोनों यहीं पर रहते हैं।

जैसे ही वे बाइक से अरुआ खुर्द कॉलेज मोड़ के पास पहुंचे उनकी टक्कर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक (यूपी 44 बीटी 0295) से हो गयी। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके तुरंत बाद युवकों की मौत हो गयी। हादसे की सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई सतीश कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और डेड बॉडी को घटनास्थल से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बाइक को को अपने कब्जे में कर लिया है।

## सीएम हेमंत के क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता की बेरहमी से पिटाई, थाने पहुंची विधायक तो एसपी ने दिया ऐसा रिएक्शन

**बरलंगा (रामगढ़), एजेंसी।** गोला प्रखंड क्षेत्र के अतिसूदूरवर्ती बरलंगा और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी विकास आर्यन और सअनि मंगल उरांव सोनडीमरा निवासी जितेंद्र महतो को शुक्रवार की रात घर से उठाकर थाना ले आए।

घर से उठाकर थाना ले आने के बाद उसकी बेरहमी से लाठी-डंडे से जमकर पिटाई की गई। पिटाई से जितेंद्र महतो घायल हो गया। जितेंद्र महतो ने इसकी लिखित सूचना विधायक ममता देवी को दी। जितेंद्र कांग्रेस कार्यकर्ता भी हैं।

बताया जाता है कि सरगडीह पंचायत के ग्राम डीमरा में वार्ड सदस्य रुपा देवी के पति विनोद कुमार सिन्हा के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में जिओ टैग का काम किया जा रहा था। इस संबंध मे जितेंद्र ने कहा कि आप प्रतिनिधि नहीं, जो प्रतिनिधि है उसे बुलाइए। इसी बात को लेकर जितेंद्र को पुलिस मारने लगी।

जितेंद्र ने शिकायत में बताया कि थाना प्रभारी ने मुझे घर से घसीटते हुए जबरन अपने गाड़ी में बैठाया और गाड़ी में बैठाने के बाद भी जमकर मारा।

इतना ही नहीं थाना ले जाकर मुझे थाना प्रभारी और थाना के सअनि मंगल उरांव, कमल भगत के द्वारा लाठी-डंडे से जमकर पीटा गया, जिससे मैं



बेहोश हो गया। पुनः जब मुझे होश आया तो, उन्होंने मुझे फिर से मारा। जितेंद्र ने बताया कि होश आने पर पीने के लिए पानी मांगा, लेकिन पुलिस ने उसे पानी तक नहीं दिया।

घटना की सूचना मिलते ही विधायक ममता देवी बरलंगा थाना पहुंचीं और दो घंटे थाना में बैठी रहीं। थाना से ही एसपी और एसडीपीओ से दूरभाष पर बात कर थाना प्रभारी को अविलम्ब सस्पेंड करने की मांग की।

इस संबंध मे एसपी ने भरोसा दिलाया है कि निश्चित कारवाई की जाएगी। एसपी के द्वारा भरोसा दिलाने के बाद विधायक रात्रि 9 बजे थाना से उठकर चली गई। विधायक ने थाना प्रभारी को कहा कि आप जैसे गलत अधिकारियों के चलते युवा बंदूक थामने पर मजबूर हो रहे।

कितनी बड़ी गलती किया था जो आप ने निर्दयी होकर एक इंसान को बेरहमी से पीटा। बताया जाता यह भी है कि यह सारा खेल थाना क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि के इशारे पर राजनैतिक उद्देश्य को साधने के लिए किया गया है।

विधायक ने कहा कि अगर थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह पुनः अनशन पर बैठेंगी। मामले की जानकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी के.राजू को भी दी।

## 6 महीने से कांग्रेस की प्रदेश कमेटी नहीं, सभी प्रमंडल में जा कर प्रदेश प्रभारी कर रहे हैं बैठक

**रांची, एजेंसी।** झारखंड कांग्रेस की प्रदेश कार्यसमिति अभी वन मैन टीम है। दरअसल 16 अगस्त 2024 को केशव महतो कमलेश को प्रदेश कांग्रेस की कमान सौंपे जाने के बाद से पीसीसी यानी प्रदेश कांग्रेस कमेटी वन मैन टीम बनी हुई है। करीब छह महीने से बिना प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों के ही पीसीसी चल रही है। पार्टी में प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, सह सहसचिव जैसे महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हैं।





झारखंड कांग्रेस द्वारा लगातार राज्य में कांग्रेस को मजबूत करने की कवायद हो रही है। नए प्रदेश प्रभारी के राजू खुद अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर वहां के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। उनके साथ बैठकें कर जमीनी स्तर पर पार्टी की स्थिति का आकलन कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर बिना प्रदेश स्तरीय टीम के कैसे पार्टी मजबूत होगी।

प्रदेश कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य डॉ राजेश गुप्ता छोटू कहते हैं कि दरअसल, इस बार प्रदेश प्रभारी की कोशिश है कि जनसंख्या के हिसाब से संगठन में पिछड़ों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों को जगह देने की योजना है। प्रभारी खुद भी अलग-अलग प्रमंडल में जाकर जिलावार लगातार बैठकें कर रहे हैं।

डॉ राजेश गुप्ता ने कहा कि इस बार जनसंख्या के अनुपात में पार्टी संगठन में भागीदारी देने के लिए ही प्रदेश कमेटी के गठन में कुछ देरी हो रही है।

**नए प्रभारी का प्रमंडलीय दौरा समाप्त होने के बाद घोषित कर दी जाएगी प्रदेश कमेटी :** राज्य में बिना प्रदेश कार्यसमिति के छह महीने से सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष के सहारे पीसीसी चलाने के सवाल पर प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि अभी नए प्रभारी के राजू का प्रमंडलीय स्तर का दौरा अंतिम चरण में हैं। जैसे ही यह दौरा पूरा हो जाएगा, उसके बाद जल्द ही प्रदेश कार्यसमिति गठित हो जाएगी।

## मिशन यूपीएससी: एसटी विद्यार्थियों के लिए हेमंत सरकार ला रही है योजना

**रांची, एजेंसी।** हेमंत सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के लिए शुरू की जा रही मिशन यूपीएससी योजना पर सवाल उठने लगे हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा के लिए दिल्ली में गुणवत्तापूर्ण कोचिंग हेतु आर्थिक सहायता सरकार के द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी ताकि वह इन परीक्षाओं में अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके।



राज्य सरकार के द्वारा चयनित विद्यार्थियों को कोचिंग हेतु 80 हजार रुपया कल्याण आयुक्त द्वारा दिया जाएगा, जिसे प्रथम किस्त में 30 हजार और द्वितीय किस्त के रूप में 50 हजार रुपया का भुगतान किया जाएगा। योजना के तहत प्रतिवर्ष 100 विद्यार्थियों को कोचिंग की सुविधा सरकार के द्वारा प्रदान की जाएगी। सरकार द्वारा निकट भविष्य में शुरू की जाने वाली मिशन यूपीएससी को लेकर अभी से सवाल उठने लगे हैं। दरअसल इस योजना के तहत सिर्फ अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को लाभ दिए जाने और चयन की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने मिशन यूपीएससी की खामी गिनाते हुए सरकार पर एक बार फिर छात्रों के साथ धोखा और क्रूर मजाक करने का आरोप लगाया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए अजय साह ने कहा कि इसमें विद्यार्थियों के चयन में जो योग्यता का निर्धारण किया गया है वह काफी हास्यास्पद है।

उन्होंने सरकार की अधिसूचना को सार्वजनिक करते हुए कहा कि इस योजना के वही योग्य होंगे जो यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के साक्षात्कार में भाग लिए हुए आवेदक हों या यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की मुख्य परीक्षा में भाग लिए हुए हों या जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की साक्षात्कार या मुख्य परीक्षा में भाग लिए हुए आवेदक हों।उन्होंने कहा कि जब यह इस योग्य के छात्र होंगे तो उन्हें कोचिंग करने की आवश्यकता क्यों होगी। अजय साह ने राज्य सरकार से इसमें संशोधन की मांग करते हुए कहा है कि अनुसूचित जनजाति के अलावा अनुसूचित जाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और महिलाओं को भी इसमें जोड़ा जाना चाहिए।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाहरणालय की महिला कर्मियों को तोहफा, डीसी ने किया शिशु पालना-गृह का उद्घाटन

**रांची, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने महिला कर्मियों को शिशु पालना गृह केंद्र का उपहार दिया। समाहरणालय के कमरा नं। क्र211 में शिशु क्रेच खुलने से समाहरणालय में सेवारत महिला कर्मचारियों को कार्यकाल के दौरान क्रेच में बच्चों को रखने की सुविधा मिलेगी। इस क्रेच में बच्चों को पोषक आहार और आरामदायक माहौल मिलेगा।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय भवन में कार्यरत महिला कर्मियों को तोहफा दिया। इसको लेकर क्रेच की सुविधा और उनके बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए समाहरणालय ब्लॉक -क्रके कमरा नम्बर - 211 में शिशु गृह का विधिवत फीता काट कर शुभारंभ किया गया।



इस दौरान डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी, शाइनी तिग्गा, जफर हसनत एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के तहत क्रेच (पालनाघर) की सुविधा होना जरूरी है। इस अधिनियम में 2017 के संशोधन के बाद कार्यस्थलों पर क्रेच (पालनाघर) सुविधा अनिवार्य को देखते हुए जिला प्रशासन ने क्रेच सुविधा शुरू कर दी है।

शिशु पालनाघर खुल जाने से समाहरणालय में कार्यरत महिला कर्मचारी को कार्य समय के दौरान क्रेच में बच्चे को रखने की सुविधा मिलेगी। जिससे बच्चों को स्वस्थ आहार और आरामदायक माहौल मिलेगा। मातृत्व लाभ अधिनियम में क्रेच की सुविधा कार्यरत माताओं को सहयोग देने और उनके बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए जोड़ी गई है। इससे महिलाएं अपने काम और मातृत्व के बीच संतुलन बना सकती हैं।

जिसमें शिशु गृह में महिला कर्मचारी अपने नवजात शिशु की देखभाल करते हुए अपने शिशु को स्तनपान के साथ अपने बच्चों को रख सकती हैं। इस गृह में 0 से 06 वर्ष के बच्चों को रख सकती है, जहाँ छोटे बच्चों के लिए खेल के साधन उपलब्ध है।

रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री शिशु गृह में नन्हे बच्चों को देख कर काफई खुश हुए, कई बार डीसी खुद बच्चों को अपने गोद में लेकर खूब स्नेह करते दिखे। डीसी ने इस दौरान अबुआ साथी 9430328080 व्हाट्सएप शिकायत नंबर भी जारी किया। इस नंबर पर जन शिकायत की जा सकती है।

## सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए मददगार बना यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, फ्री में मिलती है सारी चीजें

**गुमला, एजेंसी।** गुमला स्थित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) आमजनों को डिजिटली रूप से सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नयी-नयी सेवाओं को जोड़ रहा है। इस क्रम में सीएससी द्वारा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर एक और नयी सेवा सरकारी परीक्षा शुरू किया गया है। पूरी तरह निःशुल्क यह सेवा वैसे अभ्यर्थियों व छात्रों के लिए है, जो प्रतियोगी या प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

अभ्यर्थी इसमें एसएससी, बैंकिंग/इंश्योरेंस, रेलवे, डिफेंस, यूपीएससी, टेट, इंटरफेस टेस्ट, स्कूल परीक्षा सहित 150 से भी अधिक केंद्र व राज्य स्तरीय सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। अध्ययन सामग्री हिंदी व अंग्रेजी में उपलब्ध है। विषय व टॉपिक के अनुसार वीडियो भी दिखाया जायेगा। गत वर्ष की परीक्षा के प्रश्नों के आधार पर नये पैटर्न के अनुसार विशेषज्ञों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रश्न होंगे। साथ ही पूर्ण मॉक परीक्षा, विषय परीक्षा, टॉपिक अभ्यास परीक्षा व लाइव परीक्षा के माध्यम से खुद की तैयारी का आकलन भी कर सकते हैं। प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन का कार्य चल रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी व छात्र खुद के एंड्रॉयड मोबाइल या नजदीकी सीएससी में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।



सरकारी परीक्षा नाम से शुरू ऑनलाइन प्लेटफार्म में हर घर के लिए शिक्षा और रोजगार में मदद हेतु उत्पाद उपलब्ध है। प्लेटफार्म में सरकारी व प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी का प्लेटफार्म, कक्षा चार से 10 तक के छात्रों के लिए स्कूल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, स्कूली छात्रों के लिए एक करियर मार्गदर्शन का प्लेटफार्म और राज्य व केंद्र स्तर की सरकारी परीक्षा पर नियमित अपटेड का प्लेटफॉर्म जैसे स्कूल व रोजगार के उत्पाद उपलब्ध हैं। सीएससी गुमला के मैनेजर रंजन नंदा ने कहा है कि सीएससी निरंतर नयी सेवाओं/योजनाओं को जोड़ रहा है। जिसका उद्देश्य आमजनों को डिजिटल रूप से हर संभव सहायता प्रदान करना है।



# दुधारू पशु एवं आदर्श पशुशाला

देश का उत्तर पश्चिमी क्षेत्र पशुपालन व दूध उत्पादन के लिये विख्यात रहा है। इस क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन के लिये दुधारू पशु पाले जाते है जिनमें गायों (देशी एवं संकर नस्ल) व भैसों की मुख्य भूमिका समय तक होती है। गर्मियों के मौसम में (मई व जून) में वायुमंडलीय तापमान 45 डिग्री से.ग्रे. से भी अधिक हो जाता है। ऐसे मौसम दुधारू पशुओं पर अपना अत्यधिक दुष्प्रभाव डालता है। जिसे पशुपालक अपने पशुओं में होने वाले व्यवहार के बदलाव से जान सकते है।

## गर्मियों में पशुओं का उचित रखरखाव

ग्रीष्म ऋतु में दुधारू पशुओं में होने वाले उन दुष्प्रभावों को कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय करना पशुओं के उत्पादन व प्रजनन क्षमता को बनाए रखने में मदद करता है –

## उचित आवास होना अति आवश्यक

आवास साफ–सुथरी व हवादार होना चाहिए, जिसका फर्श पक्का व फिसलन रहित हो तथा मूत्र व पानी की निकासी हेतु ढलान हो।

- पशुगृह की छत उष्मा की कुचालक हो ताकि गर्मियों में अत्यधिक गरम न हो। इसके लिये एस्बेस्टस शीट उपयोग में लाई जा सकती हैं अधिक गर्मी के दिनों में छत पर 4–6 इंच मोटी घांसफूस की परत या छप्पर डाल देना चाहिये। ये परत उष्मा अवशोषक का कार्य करती है जिसके कारण पशु पशुशाला के अंदर का तापमान उचित बना रहता है।
- पशुशाला की छत की ऊंचाई से कम 10 फुट ऊंची होनी चाहिए ताकि हवा का समुचित संचार पशुगृह में हो सके तथा छत की तपन से भी पशु बच सके।
- पशुशाला में खिड़किया व दरवाजों व अन्य खुली जगहों पर जहां से तेज गरम हवा आती हो बोरी या टाट आदि टांग कर पानी का छिड़काव कर देना चाहिए।
- पशुशाला में पशुओं की संख्या अत्यधिक नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक पशु को उसकी आवश्यकतानुसार पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराएं। मुक्त हर व्यवस्था में गाय व भैसों को क्रमशः 3.5 व 4.0 वर्ग मीटर स्थान ढका हुआ तथा 7 से 8 वर्ग मीटर खुले स्थान बाड़े के रूप में प्रति पशु उपलब्ध होना चाहिए।
- पशुओं को नहलाने का उचित प्रबंध होना चाहिए– पशुओं के शरीर पर दिन में 2 या तीन



बार ठंडे पानी का छिड़काव करें। यदि संभव हो तो तालाब में बैसों को नहलाएं। प्रयोगों से यह साबित हुआ है कि दोपहर को पशुओं पर ठंडे पानी का छिड़काव उनके उत्पादन व प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में सहायक होता है।

- पशुओं को पीने की ठंडे पानी उपलब्ध होना चाहिए। इसके लिये पानी की टैंक पर छाया की व्यवस्था करना अति आवश्यक होता है।
- पशुशाला के आसपास छायादार वृक्षों का होना अति आवश्यक है यह वृक्ष पशुओं को छाया तो प्रदान करते हैं साथ ही पशुओं को गरम लू से भी बचाते हैं।

अतः पशुपालकों को गर्मियों में पशुओं की सुरक्षा हेतु कुछ विशेष बतों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे –

- पशुओं को पीने के लिए ठंडा व ताजा जल उपलब्ध करायें।
- पशुओं को आहार में हरा चारा अधिक से अधिक मात्रा में उपलब्ध करायें।
- तेज गर्मी के दिनों में पशुओं को ठंडे पानी से नहलायें।
- पशुओं को लू से बचाने हेतु पशुशाला से आसपास छायादार वृक्ष लगावें।
- पशुशाला में प्रत्येक पशुओं को पर्याप्त मात्रा में स्थान उपलब्ध करायें।
- पशुशाला की छत की ऊंचाई अधिक से अधिक हो।
- पशुशाला में पशुओं को गर्मी से बचाने हेतु पंखे लगवायें तथा दरवाजों पर खिड़कियों पर खस व टाट लगाकर उन पर पानी का छिड़काव करें। इससे पशुशाला का तापमान सामान्य बना रहता है।

उपरोक्त बातों को ध्यान रखकर पशुपालक अगर अपने दुधारू पशुओं का प्रबंध करेंगे तो गर्मियों में भी अपने पशुओं के उत्पादन व प्रजनन क्षमता को बनाए रखकर डेयरी व्यवसाय के द्वारा अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं।

## गर्मियों में दुधारू पशुओं पर पड़ने वाले मुख्य दुष्प्रभाव

### पशुओं की श्वसन क्रिया में वृद्धि होना

गर्मियों में शरीर की उष्मा को निकालने के लिये पशु अपने शरीर से पानी को पसीने के रूप से वाष्पीकरण करता है। पानी को शरीर से वाष्पित करने के लिये पशु के शरीर से उष्मा लेनी पड़ती है तथा पशु पसीने को शरीर से वाष्पीत होने पर राहत महसूस करता है। गर्मियों में पशु अपनी श्वसन क्रिया को बढ़ाकर पानी की वाष्पीकरण क्रिया को बढ़ा देते है इन सबके कारण पशुओं में पानी की आवश्यकता बढ़ जाती है।

### पशु सूखा चारा खाना कम कर देते हैं

गर्मियों में जल वायुमंडलीय तापमान पशुओं के शारीरिक तापमान से अधिक हो जाता है तो पशु सूखा चारा खाना कम कर देते है क्योंकि सूखा चारा को पचाने में शरीर में उष्मा का अधिक मात्रा में निकलता है ये क्रम चारा खाना उनकी दुग्ध क्षमता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है।

### दुधारू पशुओं के दुग्ध उत्पादन में कमी होना-

गर्मियों के मौसम में दुधारू पशुओं हेतु चारे की उपलब्धता व गुणवत्ता में कमी हो जाती है जिसका दुष्प्रभाव दुधारू पशुओं के दुग्ध उत्पादन की क्षमता में कमी हो जाना है।

### प्रजनन क्रिया क्षीण मंद हो जाना-

इस मौसम में भैसों व संकर नस्ल गायों की प्रजनन क्षमता मंद हो जाती है तथा मदचक्र लम्बा हो जाता है एवं मद अवस्था का काल व उग्रता दोनों बढ़ जाती है। जिसके कारण पशुओं में गर्भधारण की संभावना काफी घट जाती है जो कि दुग्ध उत्पादन पर सीधा प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

### पशुओं को लू लगने का डर बना रहता है -

अत्यधिक गर्मी में पशुओं को लू लगने के कारण पशु बीमार पड़ जाते हैं जिससे उनके दुग्ध उत्पादन में तो काफी कमी आती है साथ ही बीमार पशु की उचित देखभाल न होने के कारण उसकी मृत्यु तक हो जाती है जिससे पशुपालक को काफी आर्थिक हानि होती है।

# गेहूं बीज उत्पादन तकनीक



## बीज स्त्रोत

**आधार बीज तैयार करने के लिए प्रजनक या आधार बीज और प्रमाणित बीज उत्पादन के लिये आधार बीज किसी प्रमाणीकरण संस्था के मान्य स्त्रोत से प्राप्त किया जाता है। बोने से पूर्व बीज थैलों पर लगे लेबिल आदि से बीज की किस्म की शुद्धता की जांच कर लेनी चाहिये और लेबिल संभालकर रखना चाहिए।**



## पृथक्करण दूरी

गेहूं एक स्व–परागित फसल हैं अतः गेहूं की सभी जातियों को आपस में अच्छे बीज उत्पादन हेतु 3 मीटर पृथक्करण दूरी अन्य जातियों से रखना चाहिए, लेकिन अनावृत कंड रोग से बचाव के लिये न्यूनतम पृथक्करण दूरी 150 मीटर



रखी जाती हैं।

## बीजोपचार

2.5–3 ग्राम थायरम दवा से प्रति किलोग्राम बीज को उपचारित करना चाहिए। लूज स्मट की रोकथाम के लिए वीटावैक्स 2.5 ग्राम/किलोग्राम बीज उपचारित करना चाहिए।

## खरपतवार नियंत्रण

खरपतवार वे अवान्छित पौधे होते हैं जो कि वहां उगते हैं जहां इनकी आवश्यकता नहीं होती है। खरपतवार आर्थिक दृष्टि से हानिकारक होते हैं जो फसलों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं। इनके कारण उपज व गुणवत्ता प्रभावित होती है।

## अवांछनीय पौधों को निकलना

सभी भिन्न पौधों (दूसरी किस्मों, अन्य फसलों व खरपतवारों) व कंडुआग्रस्त पौधों को उनमे बाली निकलने के समय पहचानकर निकाल देना चाहिए। पौधों को जड़ सहित निकाला जाता है और कंडुआग्रस्त पौधों को बालियों पर पहले लिफाफा ढंककर लिफाफे के निचले हिस्से को मुट्ठी से बंद करने के बाद उखाड़ना चाहिये, जिससे उखाड़ते समय बीजाणु खेत में न गिरे। बाद में गड्ढों में दबा या जला देना चाहिये। शेष बचे रहे पौधों को पकने के समय दोबारा निकाल देना चाहिए।



## संसाधन व भण्डारण

कटाई व गहाई के बाद बीज को अच्छी तरह सुखाकर साफ कर लेना चाहिये। बीज भरने में प्रयुक्त होने वाले बोरों को अच्छी तरह साफ कर लेना चाहिये। बीजों के विक्रय तथा बुवाई के समय तक उसकी अंकुरण क्षमता एवं गुणवत्ता को कायम रखना ही भण्डारण का उद्देश्य होता है। अनाज का उचित भण्डारण नही करने से कुल पैदावार का लगभग 10 से 12 प्रतिशत नुकसान कीड़े, चूहे व अन्य जीव जन्तु द्वारा होता है। फसल की कटाई के साथ ही इस व्यवस्था की शुरूआत होने लगती है। भण्डारण के लिए गेहूं बीज में नमी की मात्रा (अधिकतम) 10.12: होनी चाहिए। बीज भण्डारण के लिये गोदाम ऊँचे स्थान पर होना चाहिये, जिसका फर्श कंकरीट का बना हो, दीवारों में दरारे न हो व नमी से सुरक्षित व स्वच्छ होना चाहिये। बोरों को लकड़ी के लट्ठों पर अलग–अलग रखना चाहिये, जिससे एक ढेर से दूसरे ढेर की दूरी कम से कम आधा मीटर हो। इसके बाद 15–15 दिन के अंतराल पर गोदाम का निरीक्षण करते रहना चाहिये।

## कटाई व गहाई

बीज फसल की कटाई के समय बीज में नमी की मात्रा 15: से अधिक नहीं होना चाहिये। अतः कटाई से पूर्व नमी की मात्रा की जांच कर लेना चाहिये। बीज फसल की विभिन्न किस्मों की गहाई अलग खलिहान में करनी चाहिये, जिससे अपमिश्रण न होने पाये। गहाई, बीज में नमी की मात्रा 14 प्रतिशत से कम होने पर करनी चाहिये। गहाई से पूर्व गहाई यंत्र को अच्छी तरह साफ कर लेना चाहिये, जिससे उसमें पहले की गई किस्म के दाने न रह गये हों।



## आरडीबी रिएल्टी इंफ्रास्ट्रक्चर को मिला 42 करोड़ रुपये का काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप स्टॉक आरडीबी रिएल्टी इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर बड़ा काम मिला है। कंपनी ने शनिवार को एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि उन्हें वर्धमान ग्रुप रियलबिल्ड एलएलपी से मुंबई में एक प्रॉपर्टी बनाने का काम मिला है। इस ऑर्डर के मिलने के बाद अब कंपनी के शेयर सोमवार को फोकस में रहेंगे।

**41 करोड़ रुपये का काम-** इस कॉन्ट्रैक्ट के लिए कंपनी को कुल 42 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। इसमें जीएसटी या अन्य कोई टैक्स शामिल नहीं है। इस ऑर्डर में हर एक बिल पर 5 प्रतिशत का रिटेंशन भी होगा। बता दें, कंपनी के पास काम को पूरा करने के लिए 24 महीने का समय है। या फिर 7 मार्च से 2025 से 2 साल तक का समय मिलेगा।

पिछले सप्ताह कंपनी ने बताया था कि उसने नॉन एग्रीकल्चर लैंड को बेच दिया। इस जमीन को 60 करोड़ रुपये में बेचा गया है। कंपनी की यह जमीन सूरत नगरपालिका कॉरपोरेशन के अंदर आती थी।

**कंपनी के शेयरों का प्रदर्शन?-** आरडीबी रिएल्टी के शेयर शुक्रवार को बाजार की क्लोजिंग के समय पर बीएसई में 1.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 58.23 रुपये के लेवल पर बंद हुए थे। पिछले 5 साल में यह स्टॉक 2800 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 290 प्रतिशत की तेजी आई है।

कंपनी के निवेशकों के लिए अच्छी बात यह है कि जब इस साल ज्यादातर स्टॉक शेयर बाजार में संघर्ष कर रहे हैं तब भी यह 10 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। कंपनी का 52 वीक हाई 61.27 रुपये और 52 वीक लो लेवल 11.59 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी का मार्केट कैप 1006.41 करोड़ रुपये है।

## 'मालिक' ने बेच दिए 9,00,000 शेयर, 70 प्रतिशत टूटा चुका है स्टॉक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयरों का बुरा हाल है। अब कंपनी से जुड़ी एक और बड़ी खबर सामने आई है। कंपनी के प्रमोटर्स ने 2.37 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेच दिया। इसकी जानकारी एक्सचेंज के साथ शुक्रवार को साझा की गई। बता दें, बीते 8 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 70 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिलेगी।



**फंड जुटाने पर कंपनी का ध्यान-** एक और जानकारी देते हुए कंपनी ने बताया कि वो स्टॉक स्प्लिट और फंड जुटाने के विकल्प पर भी विचार कर रहे हैं। इसके लिए कंपनी की बोर्ड मीटिंग 13 मार्च को बुलाई गई है। इसी में इसका फैसला होगा। बता दें, इससे पहले गुरुवार को कंपनी ने बताया था कि उनके सीएफओ अंकित जैन ने इस्तीफा दे दिया है। अब उनकी जगह जबरिमेहदी लेंगे।

**प्रमोटर्स ने बेचे 9 लाख शेयर-** एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि प्रमोटर्स ने 2.37 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है। यानी उन्होंने कुल 9 लाख शेयरों की बिक्री की है। इस पैसा का उपयोग कंपनी में निवेश के लिए और लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए किया जाएगा। बता दें, इस बिक्री के बाद अब कंपनी में प्रमोटर्स की कुल हिस्सेदारी 59.70 प्रतिशत रह गई है।

वॉरेन बफे की 5 बातें बच्चों को जरूर सिखाएं

# पैसों की कभी नहीं होगी तंगी, कारोबार शुरू करने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वॉरेन बफे दुनिया के अमीर लोगों में शुमार हैं। वह न केवल दुनिया के बड़े निवेशकों में शामिल हैं बल्कि बर्कशायर हैथवे के सीईओ भी हैं। उन्होंने धैर्य, स्मार्ट निवेश और आर्थिक अनुशासन के सिद्धांतों पर अपना भाग्य बनाया है। बफे सिर्फ अपने बिजनेस में ही कामयाब नहीं हैं, बल्कि बच्चों को पैसे के बारे में महत्वपूर्ण सबक सिखाने को भी प्राथमिकता देते हैं।



साल 2011 में बफे ने सीक्रेट मिलिनेयर्स क्लब नामक एक एनिमेटेड सीरीज बनाने में मदद की। इसका उद्देश्य बच्चों को व्यवसाय, निवेश और वित्तीय साक्षरता की मूल बातें सिखाना था। यह शो 26 एपिसोड तक चला। इसमें कुछ बच्चों की कहानी दिखाई गई जो पैसे के मामलों में बफे से सलाह लेते थे। साल 2013 में उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि बच्चों को पैसों के बारे में समझाना कभी भी जल्दी नहीं होता। चाहे वो नए खिलौने की कीमत समझना हो या पैसे बचाने का महत्व। यहां 5 ऐसी बातें दी गई हैं जिन्हें बफे ने अपने बच्चों को सिखाया था। आप भी अपने बच्चों को ये बातें सिखा सकते हैं।

### जल्दी शुरुआत करें

बफे हमेशा कम उम्र से ही वित्तीय शिक्षा के महत्व पर जोर देते रहे हैं। साल 2013 में सीएनबीसी को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, कभी-कभी माता-पिता अपने बच्चों के किशोरावस्था में पहुंचने पर ही पैसे का सही इस्तेमाल करने के बारे में बात करना शुरू करते हैं। जबकि वे प्री-स्कूल से ही शुरू कर सकते हैं। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी की एक स्टडी के मुताबिक बच्चे 7 साल की उम्र से ही पैसे से जुड़ी आदतें विकसित करने लगते हैं। कम उम्र में ही बच्चों को बचत, खर्च और कमाई जैसी बुनियादी बातें बताकर पेरेंट्स उन्हें दीर्घकालिक वित्तीय सफलता के लिए तैयार कर सकते हैं।

### छोटी-छोटी बचत का भी महत्व

बफे सिखाते हैं कि ब्याज की शक्ति के कारण समय के साथ छोटी-छोटी बचत भी बढ़ सकती है। सीक्रेट मिलिनेयर्स क्लब में बफे ने कहा है कि नियमित रूप से थोड़े से पैसे बचाने से भी फायदा होता है। इस सबक को सिखाने का एक व्यावहारिक तरीका बच्चों को उनका अपना गुल्लक या बैंक अकाउंट देना है। पैरेंट्स ऐसे ऐप्स भी इस्तेमाल कर सकते हैं जिनसे बच्चे अपनी बचत पर नजर रख सकें और जमा राशि पर ब्याज भी कमा सकें।

### स्मार्ट खर्च करने की आदत डालें

बच्चों को सबसे पहले यह सीखना चाहिए कि जरूरतों और चाहतों में अंतर कैसे करें। बफे एक आसान तरीका बताते हैं कि अपने बच्चों से उन चीजों की सूची बनाने को कहें जो वे खरीदना चाहते हैं। फिर, हर चीज को एक साथ देखें और तय करें कि यह जरूरी है या फिजूलखर्ची। यह आदत जल्दी डालने से माता-पिता अपने बच्चों को बड़े होने पर बेहतर खर्च करने की आदतें विकसित करने में मदद कर सकते हैं।

### स्किल निखारकर संपत्ति बढ़ाएं

बफे खुद जीवन भर सीखते रहे। वह अक्सर सेल्फ स्टडी के महत्व पर जोर देते हैं। सीक्रेट मिलिनेयर्स क्लब के एक एपिसोड में उन्होंने कहा है कि सबसे अच्छा निवेश जो आप कर सकते हैं वह खुद में है। जितना अधिक आप सीखेंगे, उतना ही अधिक आप कमाएंगे। बफेट खुद रोजाना कई अखबार पढ़ते हैं और बच्चों को ज्ञान के प्रति जुनून विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। निरंतर सीखना लॉन्ग टर्म के लिए वित्तीय सफलता की कुंजी है।

### कारोबारी मानसिकता को प्रोत्साहित करें

बफे ने सिर्फ छह साल की उम्र में च्यूइंग गम और कोक की बोतलें बेचकर पैसा कमाना शुरू कर दिया था। बच्चों को अपने खुद के बिजनेस आइडिया तलाशने के लिए प्रोत्साहित करें। फिर चाहे वह नींबू पानी का स्टॉल हो या ऑनलाइन स्टोर। इससे बच्चों को वित्तीय सिद्धांतों को जल्दी समझने में मदद मिलती है। पैरेंट्स मार्गदर्शन और यहां तक कि छोटा बिजनेस शुरू करने में मदद करने के लिए शुरुआती पैसा देकर बच्चों को प्रोत्साहित कर सकते हैं।

## शेयर मार्केट से 113 लाख करोड़ निकालकर फुर्र हो गए विदेशी निवेशक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर मार्केट में इस समय बुरे दौर से गुजर रही है। पिछले कुछ महीनों में इसमें काफी गिरावट आ चुकी है। बीच में कुछ दिनों को छोड़ दें तो लगभग हर दिन इसमें गिरावट रही है। मार्केट में गिरावट का सबसे बड़ा कारण विदेशी निवेशकों का मार्केट से पैसा निकालना रहा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर मार्केट से 1.3 ट्रिलियन डॉलर (करीब 113 लाख करोड़ रुपये) निकाल चुके हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर मार्केट से पैसा निकालकर चीन का रुख कर रहे हैं। इनके पैसा निकालने के कारण भारतीय शेयरों की कीमतें काफी गिर गई हैं। यही वजह है कि वैश्विक फंड मैनेजर अभी भी भारतीय शेयर बाजार में निवेश करने से हिचकिचा रहे हैं।

**इस साल कितनी रकम निकाली?-** इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से लगभग 15 बिलियन डॉलर (करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये) निकाल लिए हैं। साल 2022 में 17 बिलियन डॉलर निकाले गए थे, जो तब का रेकॉर्ड है। अगर विदेशी निवेशक इसी तरह भारतीय शेयर मार्केट से पैसा निकालते रहे तो साल 2022 का यह रेकॉर्ड टूट सकता है। इस बिकवाली से भारतीय शेयर बाजार का मूल्य 1.3 ट्रिलियन डॉलर (करीब 113 लाख करोड़ रुपये) घट गया है।

### चीन में क्यों आई तेजी?

भारतीय अर्थव्यवस्था में मंदी, कंपनियों के मुनाफे में कमी और अमेरिका की ओर से लगाए जा सकने वाले टैरिफ की चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। एशियाई बाजारों में निवेश करने वाले व्यापारी अब सस्ते चीनी शेयरों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। चीनी शेयर बाजार में तेजी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास की वजह से आई है।

### गंगा बहने लगी उल्टी

पहले माना जा रहा था कि निवेशक चीन से भारत की ओर आएंगे, लेकिन अब उल्टा हो रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर अब कोविड से पहले वाली धीमी गति पर लौट आई है। इसका एक बड़ा कारण लोगों का खर्च कम होना है।

### मार्च में भी निकासी जारी

मार्च में भी विदेशी निवेशकों की निकासी जारी है। 7 मार्च तक 24,753 करोड़ रुपये निकाल लिए गए हैं। इस साल अब तक कुल 1.37 लाख करोड़ रुपये की निकासी हो चुकी है। बाजार के जानकारों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों में बिकवाली की रफ्तार थोड़ी कम हुई है।

## एलन मस्क को अपनी जमीन दे रहीं बांग्लादेशी कंपनियां, स्टारलिंक के साथ काम करने को मिलाया हाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक बांग्लादेश में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने जा रही है। शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि कई बांग्लादेशी कंपनियों ने स्टारलिंक के साथ साझेदारी की है। ये कंपनियां स्टारलिंक के ग्राउंड अर्थ स्टेशन बनाने में मदद करेंगी।

इसके लिए बांग्लादेशी कंपनियों ने स्टारलिंक के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए हैं। अमेरिका से एक टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर टीम बांग्लादेश का दौरा कर रही है। यह टीम स्टारलिंक के साथ काम कर रही है। इस पार्टनरशिप में जमीन देना, निर्माण में सहायता और बुनियादी ढांचे के रखरखाव जैसे काम शामिल हैं। स्टारलिंक टीम के दौरे से बांग्लादेशी कंपनियों को उन जगहों के बारे में पता चला जहां स्टारलिंक काम करना चाहती है।



**कंपनियां दे रहीं अपनी जमीन-** कुछ जगहों पर कंपनियां स्टारलिंक को अपनी जमीन दे रही हैं। वहीं कुछ जगहों पर स्टारलिंक हाईटेक पार्क की संपत्ति पर विचार कर रही है। मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक फैज अहमद तैयब ने बताया कि जगहों और कार्यान्वयन के विवरण पर अभी बातचीत चल रही है।

तैयब को उम्मीद है कि स्टारलिंक से बांग्लादेश के शहरों और दूर-दराज के इलाकों में तेज इंटरनेट मिलेगा। उन्होंने उत्तरी क्षेत्रों और तटीय इलाकों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती या प्राकृतिक आपदाओं से कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा, हम अगले 90 दिनों में स्टारलिंक के साथ एक समझदार मॉडल लागू करने की कोशिश करते रहेंगे।

### मुहम्मद यूनुस ने लिखा था पत्र

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 19 फरवरी को एलन मस्क को एक पत्र लिखा था। उन्होंने मस्क को बांग्लादेश आने और स्टारलिंक सैटेलाइट सेवा शुरू करने का निमंत्रण दिया।

मुख्य सलाहकार ने मस्क से कहा कि बांग्लादेश की यात्रा से उन्हें युवा बांग्लादेशी पुरुषों और महिलाओं से मिलने का मौका मिलेगा। ये युवा इस तकनीक के मुख्य लाभार्थियों में से होंगे।

मुख्य सलाहकार ने अपने उच्च प्रतिनिधि खलीलुर रहमान को स्पेक्स टीम के साथ मिलकर काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि अगले 90 दिनों में बांग्लादेश में स्टारलिंक शुरू करने के लिए जरूरी काम पूरा किया जाए।

### मस्क से हुई बातचीत

13 फरवरी को मुहम्मद यूनुस ने मस्क के साथ फोन पर बातचीत की। इस बातचीत में भविष्य में सहयोग और बांग्लादेश में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने पर चर्चा हुई। स्टारलिंक के आने से बांग्लादेश में इंटरनेट की दुनिया में एक नया अध्याय शुरू होगा।

## कभी बेंगलुरु शांत शहर था... हर्ष गोयनका ने छेड़ी नई बहस, शेयर की नारायण मूर्ति और नंदन नीलेकणि की फोटो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने बेंगलुरु को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट की है। इसमें उन्होंने बेंगलुरु के अतीत और वर्तमान की तुलना की है। साथ ही इंफोसिस के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि और एनआर नारायण मूर्ति की फोटो भी शेयर की है। पोस्ट में उन्होंने बेंगलुरु के बदलाव पर बात की है।



गोयनका ने पोस्ट में उस समय को याद किया है जब बेंगलुरु एक शांत शहर था। सुबह कब्बन पार्क में सैर, प्रीमियर पद्मिनी में आराम से ड्राइव और दोपहर किताबों की दुकानों में बिताना आम बात थी। उन्होंने बताया कि कैसे कुछ आइआइटी ग्रेजुएट्स ने ढ्ढ्ढ बूम लाकर शहर को बदल दिया।

**क्या लिखा है पोस्ट में?-** गोयनका ने एक्स पर लिखा है, एक समय था जब बेंगलुरु एक शांत स्वर्ग था- सुबह कब्बन पार्क में सैर, प्रीमियर पद्मिनी में आराम से ड्राइव और दोपहर पुरानी किताबों की दुकानों में। फिर, कुछ होशियार आइआइटी को अपनी पत्नियों से कुछ शुरुआती पैसे मिले, और अब... हम गार्डन सिटी की हवा का आनंद लेने से ज्यादा समय आउटर रिंग रोड पर ट्रैफिक में फंसे रहते हैं। प्रगति, वे इसे कहते हैं!

### यूजर्स ने क्या कहा?

गोयनका की इस पोस्ट पर लोगों ने तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आई हैं। कुछ लोगों ने नीलेकणि और मूर्ति का बचाव किया है। इन यूजर्स का कहना है कि बेंगलुरु का तेजी से बदलना लाजमी था।

वहीं कुछ ने शहर की खराब व्यवस्था को इसके बुनियादी ढांचे की समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया। यूजर ने बेंगलुरु के दो फोटो शेयर किए हैं। एक फोटो साल 1991 का है, जिसमें बेंगलुरु में ग्रीनरी और खुली जगह दिखाई दे रही है। वहीं दूसरे फोटो में ऊंची-ऊंची इमारतें हैं।

## टूटे-फूटे सिरेमिक से नए प्रोडक्ट बनाता है अर्थ तत्व, कई ब्रांड लगे हैं लाइन में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साइंस का एक नियम है- ऊर्जा को न तो खत्म किया जा सकता है और न ही पैदा। इसे एक रूप से दूसरे रूप में बदला जा सकता है। ऐसा ही कुछ जगह-जगह पड़ी खराब चीजों को लेकर भी है। ऐसे काफी लोग हैं जो दुनियाभर की खराब चीजों को नई चीज में बदल रहे हैं और इससे अच्छी कमाई कर रहे हैं। इन्हीं में शशांक निमकर भी शामिल हैं।

शशांक निमकर अर्थ तत्व के फाउंडर हैं। इनकी कंपनी टूटे-फूटे सिरेमिक को फिर से नई चीजों में बदलती है। इससे न केवल सिरेमिक के कचरे का सही इस्तेमाल हो रहा है बल्कि पर्यावरण को भी बचाने में मदद मिल रही है। शशांक की इस कंपनी में कई लोग काम करते हैं।

**पर्यावरण की रक्षा में सहयोग-** अर्थ तत्व कंपनियों से खराब सिरेमिक सामान लेता है। इस सामान को फिर से इस्तेमाल करने लायक बनाया जाता है। शशांक कहते हैं, हमारा पेटेंट वाला रिसाइकिल सिरेमिक



मटेरियल प्राकृतिक संसाधनों की खुदाई को 60 फीसदी तक कम करता है। इससे पर्यावरण की रक्षा करने में मदद मिलती है। पारंपरिक सिरेमिक से 35 फीसदी अधिक मजबूत है। इसे पकाने के लिए कम एनर्जी की आवश्यकता होती है।

**कैसे हुई अर्थ तत्व की शुरुआत-** शशांक ने साल 2016-19 में अहमदाबाद के एक इंस्टीट्यूट से सिरेमिक और ग्लास डिजाइन का कोर्स किया था। पढ़ाई के दौरान सिरेमिक कंपनियों का दौरा किया। वहां उन्होंने देखा कि टूटे-फूटे सिरेमिक प्रोडक्ट का काफी कचरा इकट्ठा था। यह बायोडिग्रेडेबल नहीं होते।

कुछ रिसर्च के बाद उन्होंने पाया कि भारत में कुल सिरेमिक प्रोडक्शन का करीब 15 से 30 फीसदी बर्बाद जाता है। उन्होंने इस कचरे को रीसाइकिल करने के बारे में प्लान बनाया। साल 2020 में गुजरात सरकार की ओर से 20 लाख रुपये का अनुदान मिला। इसके बाद साल 2021 में उन्होंने अर्थ तत्व की शुरुआत कर दी।

**कैसे काम करती है कंपनी?-** इनकी कंपनी सिरेमिक कचरे को ढालने योग्य मिट्टी में बदलती है। इसके बाद इसमें शुद्ध मिट्टी मिलाई जाती है। यह नेचुरल बाइंडर के रूप में काम करती है। फिर इसे कई और प्रोसेस से गुजारा जाता है और इससे एक नया घोल तैयार किया जाता है। इस घोल से सिरेमिक के दूसरे नए आइटम बनाए जाते हैं।

**कितनी है कमाई?-** इनकी कंपनी कई जगह रीसाइकिल सिरेमिक से बने प्रोडक्ट बेच रही है। काफी ग्राहक इनसे रीसाइकिल मिट्टी भी खरीदते हैं। इस मिट्टी पर कई तरह के डिजाइन तैयार किए जाते हैं। कई बड़े ब्रांड भी इनके साथ काम करने के लिए तैयार दिखाई दे रहे हैं।

शशांक की कारोबार में चार लोग काम करते हैं। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। इन्हें वह 10 हजार रुपये प्रति महीने की सैलरी भी देते हैं।

## टाटा कैपिटल का प्लान, टाटा मोटर्स फाइनेंस के विलय की मंजूरी के बाद दाखिल करेगी आईपीओ दस्तावेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तीय सेवा कंपनी टाटा कैपिटल राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से टाटा मोटर्स फाइनेंस के विलय की मंजूरी मिलने के बाद आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल कर सकती है। मामले में सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी को इसके लिए एनसीएलटी के अंतिम आदेश का इंतजार है। आईपीओ का आकार करीब दो अरब डॉलर (17,000 करोड़ रुपये) का होगा।




सूत्रों ने बताया इस आकार के लिहाज से कंपनी का मूल्यांकन करीब 11 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। सूत्रों ने कहा कि एनसीएलटी से अंतिम आदेश का इंतजार है, जो चालू वित्त वर्ष के अंत तक मिल सकता है। कंपनी को दस्तावेजों के मसौदे के बारे में भेजे गए ई-मेल का जवाब नहीं मिला है।

टाटा कैपिटल को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में मान्यता दी गई है। कंपनी को आईपीओ के लिए अपने निदेशक मंडल की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। कंपनी आईपीओ के तहत 2.3 करोड़ नए शेयर जारी करेगी। इसके अलावा कुछ मौजूदा शेयरधारकों की तरफ से बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी लाई जाएगी।

आईपीओ के अलावा टाटा कैपिटल ने सार्वजनिक सूचीबद्धता से पहले अपनी वित्तीय स्थिति को और मजबूत करने के लिए राइट्स इश्यू के जरिये कोष जुटाने की योजना की भी घोषणा की है। यदि सार्वजनिक निर्गम सफल रहता है, तो यह देश के वित्तीय क्षेत्र के सबसे बड़े सार्वजनिक निर्गम में से एक होगा। नवंबर, 2023 में टाटा टेक्नोलॉजीज की सूचीबद्धता के बाद हाल के वर्षों में यह टाटा समूह का दूसरा सार्वजनिक निर्गम होगा। यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सूचीबद्धता जरूरतों को पूरा करने के प्रयास का हिस्सा है।

# लखनऊ के इकाना स्टेडियम में चौकों-छक्कों की बारिश

## डब्ल्यूपीएलः यूपी वॉरियर्स ने डब्ल्यूपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, टूट गया स्मृति मंधाना एंड कंपनी का दिल, गत चैंपियन डब्ल्यूपीएल बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के 18वें मैच में लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर शनिवार 8 मार्च (अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस) की रात चौके-छक्कों की बारिश हुई। टूर्नामेंट में क्वालिफिकेशन की रेस से पहले ही बाहर हो चुकी यूपी वॉरियर्स ने डब्ल्यूपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्मृति मंधाना की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी पूरा जोर लगाया, लेकिन वह 12 रन पीछे रह गई।

आरसीबी को चमत्कार की जरूरत थी। ऋचा घोष और स्नेह राणा ने अपनी अविश्वसनीय बल्लेबाजी से लगभग कर ही दिया था, लेकिन दीप्ति शर्मा की अगुआई वाली यूपी वॉरियर्स ने जीत का रास्ता खोज लिया। यूपी वॉरियर्स ने गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ ऐसी ही जीत चिन्नास्वामी में एक रोमांचक मुकाबले में हासिल की थी। आरसीबी के लिए यह हार इसलिए भी दुखद है क्योंकि वह क्वालिफिकेशन की रेस से बाहर हो गई।





यूपी वॉरियर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मैच में 18 छक्के लगे, जो डब्ल्यूपीएल मैच में दूसरे सबसे ज्यादा हिट हैं। इससे पहले 2024 में बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच में 19 छक्के लगे थे। इस मैच में 71 चौके लगे, जो डब्ल्यूपीएल के किसी भी मैच में सबसे ज्यादा हैं।

डब्ल्यूपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर

इस तरह दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया। यूपी वारियर्स ने जॉर्जिया वॉल (नाबाद 99 रन) के लगातार दूसरे अर्धशतक से डब्ल्यूपीएल में अपने अंतिम मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 12 रन से जीत हासिल कर सीजन का सम्मानजनक समापन किया। जॉर्जिया वॉल प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। जॉर्जिया वॉल डब्ल्यूपीएल इतिहास में सोफी डिवाइन के साथ संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्कोर बनाने वाली खिलाड़ी भी बनीं। डिवाइन ने 2023 में आरसीबी के खिलाफ ही 99 रन की पारी खेली थी।

यूपी वारियर्स ने 5 विकेट पर 225 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह डब्ल्यूपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने शानदार बल्लेबाजी की, लेकिन टीम 19.3 ओवर में 213 रन पर ऑलआउट हो गई। विकेटकीपर ऋचा घोष ने 33 गेंद में 69 रन, एलिस पैरी ने 15 गेंद में 28 रन, एस मेघना ने 12 गेंद में 27 रन और स्नेह राणा ने 6 गेंद में 26 रन बनाये। यूपी वारियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा और सोफी एक्लेस्टोन ने 3-3 विकेट झटके, जबकि चिनेल हेनरी को 2 विकेट मिले।

## मोहाली में 5 अप्रैल को आईपीएल, टिकट की बुकिंग शुरू, महाराजा यादविंद्र स्टेडियम मुल्लांपुर में होगा मैच

### पंजाब और राजस्थान के बीच पहला मुकाबला



**चंडीगढ़, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन में पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी अपने होम ग्राउंड महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर मोहाली में होने वाले मैचों के लिए टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग (रविवार) दोपहर 1 बजे से शुरू की है। इस बार दर्शकों को पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली को पहली बार इस मैदान पर खेलते देखने का मौका मिलेगा। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स के अधिकतर मैच धर्मशाला में होते थे, लेकिन इस बार धोनी और कोहली दोनों ही मुल्लांपुर स्टेडियम में पहली बार खेलते नजर आएंगे।

## कॉर्बिन बॉश मुंबई इंडियंस में पदार्पण के लिए तैयार



**मुंबई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाद विलियम्स घुटने की चोट के कारण आगामी आईपीएल से बाहर हो गए हैं जिससे गेंदबाजी ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश मुंबई इंडियंस में उनकी जगह लेने के लिए तैयार हैं। बॉश (30 वर्ष) ने 86 टी20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 59 विकेट लिए हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 81 है। उन्होंने अभी तक आईपीएल में पदार्पण नहीं किया है। लेकिन उन्होंने दक्षिण अफ्रीका 2020 में मुंबई इंडियंस केप टाउन के खिताब जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इस अभियान के दौरान 11 विकेट लिए।एमआई ने एक बयान में कहा कि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाद विलियम्स चोट के कारण आगामी टाटा आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं और मुंबई इंडियंस ने उनके स्थान पर उनके हमवतन कॉर्बिन बॉश को अनुबंधित किया है। पिछले साल पदार्पण करने के बाद एक टेस्ट और दो वनडे में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने वाले बॉश को चोटिल एनरिक नॉर्किया की जगह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए देश की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया था। वह पहले राजस्थान रॉयल्स में नेट गेंदबाज के रूप में टीम का हिस्सा थे।कॉर्बिन बॉश पूर्व दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज़ टर्टियस बॉश के पुत्र हैं, जिन्होंने 1992 में दक्षिण अफ्रीका के लिए एक टेस्ट मैच और दो एकदिवसीय मैच खेले थे। वह वास्तविक ऑलराउंडर के रूप में बहुमुखी प्रतिभा, बल्ले और गेंद से प्रभावशाली योगदान देने में सक्षम हैं। दक्षिण अफ्रीकी पिचों का अच्छा अनुभव है जो भारतीय परिस्थितियों में अच्छी तरह से काम आ सकती है। खासकर उछाल वाली पिचों पर। मुंबई इंडियंस, जो अपनी मजबूत तेज गेंदबाजी इकाई के लिए जानी जाती है, जिसमें जसप्रीत बुमराह जैसे सितारे शामिल हैं, संभवतः बॉश इसे और मजबूत कर सकते हैं।



## ऑटिस गिब्सन केकेआर के सहायक कोच बने

**कोलकाता, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज ऑटिस गिब्सन को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल 2025 के लिए अपना सहायक कोच बनाया है। वह रयान टेन डेशकाटे की जगह लेंगे, जो अब भारत के सहायक कोच हैं।

गत विजेता केकेआर ने हाल ही में अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान और वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान बनाया था। पिछले साल के उनके मेंटॉर गौतम गंभीर और तेज गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल भी भारतीय टीम से जुड़ चुके हैं, जबकि खिताब जिताने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर भी अब पंजाब किंग्स के साथ हैं। इससे पहले केकेआर ने ड्वेन ब्रावो को अपना मेंटॉर बनाया था। टीम के मुख्य कोच अभी भी चंद्रकांत पंडित हैं, जबकि बी अरूण, चार्ल क्रो और नेथन लीमॉन कोचिंग स्टाफ के अन्य सदस्य हैं। गिब्सन संन्यास लेने के बाद लगातार कोचिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। 2007 में वह इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम के गेंदबाजी कोच थे। इसके बाद वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच बने। इसके बाद वह फिर से इंग्लैंड के गेंदबाजी कोच बने और फिर इसी भूमिका में बांग्लादेश टीम के साथ गए। वह कई फ्रेंचाइजी लीग में भी कोचिंग कर चुके हैं।

### इंडियन वेल्स

## 5 बार के चैंपियन जोकोविच पहले मैच में हारे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को रविवार (आईएसटी) को इंडियन वेल्स ओपन के पहले दौर में लकी लूजर बोटिक वैन डे जैन्डसचुल्प के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

वैन डे जैन्डसचुल्प ने जोकोविच को 6-2, 3-6, 6-1 से हराकर अपनी बढ़ती हुई दिग्गज किलिंग प्रतिष्ठा में इजाफा किया। वह इंडियन वेल्स में जोकोविच को हराने वाले लगातार दूसरे लकी लूजर बन गए।

जोकोविच लगातार अपना तीसरा मैच हार गए, जो आखिरी बार 2018 में चोट से प्रभावित सीजन के हिस्से के रूप में हुआ था। उन्होंने 2025 में भी चोटों का सामना किया है, ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनकी हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए ऑफिस का एक बुरा दिन था। मैं टेनिस के स्तर के लिए खेद व्यक्त करता हूं, क्योंकि मैं इन दिनों जिस तरह से अभ्यास करता हूं, वह बहुत ही खराब है। सेंटर कोर्ट और अन्य कोर्ट के बीच बहुत अंतर है। जोकोविच ने कहा, बॉल सेंटर कोर्ट पर कुछ सबसे ऊंचे क्ले कोर्ट से भी ऊंची उछल रही थी। अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में रिटायर होने, दोहा ओपनर में माटेओ बेरेटिनी से हारने और अब वैन डे जैन्डसचुल्प से हारने के बाद, यह दूसरी बार है जब जोकोविच 2008 सीजन (2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन-मियामी) की शुरुआत के बाद से लगातार तीन मैच हारे हैं।

एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर सबसे ज्यादा खिताब (40), फाइनल (59) और सेमीफाइनल (78) का रिकॉर्ड रखने वाले सर्ब मास्टर्स 1000 के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने के मामले में नडाल की बराबरी करने से चूक गए, हालांकि रिकॉर्डधारी नडाल के पास पहले से ही सबसे ज्यादा मास्टर्स खिताब हैं। वैन डे जैन्डसचुल्प ने जोकोविच के एक असामान्य रूप से त्रुटिपूर्ण शुरुआती सेट का फायदा उठाया और निर्णायक गेम में कुछ बेहतरीन शॉट-मेकिंग कौशल का प्रदर्शन करते हुए दो घंटे एक मिनट में जीत हासिल की। शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वी पर अपनी आठवीं जीत हासिल करके, वैन डे जैन्डसचुल्प ने 2025 में पहली बार एटीपी टूर पर लगातार दो जीत दर्ज की। हालांकि, वैन डे जैन्डसचुल्प की प्रतिष्ठा इतालवी से कहीं ज्यादा है। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले सीजन में कार्लोस अल्काराज और राफेल नडाल को हराया था और गुरुवार को निक किर्गियोस पर जीत हासिल की।

### संन्यास लें या न लें

## अगले आईसीसी टूर्नामेंट में नहीं दिखेंगे भारत के ये 3 दिग्गज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, भारतीय टीम के उपकप्तान शुभमन गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन अटकलों को खारिज भी किया, लेकिन इन सभी सवालों के जवाब के लिए ज्यादा इंतजार करने की जरूरत नहीं है। एक बात तय है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा संन्यास लें या न लें भविष्य में तीनों शायद ही आईसीसी टूर्नामेंट में दिखें। कम से कम अगले आईसीसी टूर्नामेंट में तो तीनों नहीं दिखेंगे, जो 2026 में होना। ये खिलाड़ी उम्र के उस पड़ाव पर हैं कि वे शायद ही 2027 तक खेलें।

### टी20 वर्ल्ड कप 2026 में नहीं दिखेंगे दिग्गज

चैंपियंस ट्रॉफी के बाद 1 साल के अंदर 1 आईसीसी फाइनल और 1 आईसीसी टूर्नामेंट होना है। जून में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 खेला जाएगा। भारतीय टीम घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ और फिर ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हारकर लॉर्ड्स का टिकट बुक नहीं करा पाई। यही वजह है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। साल 2026 में भारत और श्रीलंका की मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप होना है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा इसमें खेलते नहीं दिखेंगे। वजह साफ है तीनों टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं।

### क्या 31 महीने तक खेल जारी रख पाएंगे ये दिग्गज

2027 वनडे वर्ल्ड कप अक्टूबर-नवंबर में होगा यानी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल के बाद 31 महीने का समय। रोहित शर्मा 30 अप्रैल को 38 साल के हो जाएंगे। 31 महीने बाद उनकी उनकी उम्र 40 साल से ज्यादा होगी। रविंद्र जडेजा 6 दिसंबर को 37 के हो जाएंगे। वह 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक 39 साल के हो जाएंगे। विराट कोहली 5 नवंबर को 37 के हो जाएंगे। 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक उनकी उम्र भी 39 साल के आसपास होगी। इस उम्र तक खिलाड़ी संन्यास ले लेते हैं। एमएस धोनी 43 साल की उम्र में आईपीएल खेल रहे हैं, लेकिन उन्होंने भी अपना आखिरी वनडे जून 2019 में खेला था। रोहित, विराट और रविंद्र जडेजा तीनों के लिए सबसे बड़ा चैलेंज यह भी है कि अब ज्यादा वनडे क्रिकेट नहीं खेला जाता और टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो जैसा ऑस्ट्रेलिया का दौरा रहा है और अगर इंग्लैंड दौरे पर वे खुद को साबित नहीं कर पाए तो शायद ही आगे खेलना जारी रख पाएं।

# मुंबई इंडियंस के लिए बुरी खबर, आईपीएल के शुरूआती मैचों में बुमराह नहीं आएंगे नजर

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 शुरू होने में दो हफ्ते का वक्त है। इससे पहले मुंबई इंडियंस के लिए बुरी खबर सामने आई है। जसप्रीत बुमराह को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी में अभी कुछ समय लग सकता है। भारत का यह टॉप तेज गेंदबाज आईपीएल से पहले या दूसरे सप्ताह तक बाहर रह सकता है। वह अप्रैल में मुंबई इंडियंस से जुड़ सकते हैं। बुमराह कमर के निचले हिस्से में चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहने के बाद बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब से गुजर रहे हैं।

बीसीसीआई सूत्र के हवाले से बताया,बुमराह की मेडिकल रिपोर्ट ठीक है। उन्होंने सीओई में गेंदबाजी फिर से शुरू कर दी है। हालांकि, यह संभावना नहीं है कि वह अगले दो सप्ताह में आईपीएल की शुरुआत में गेंदबाजी कर पाएंगे। मौजूदा स्थिति के अनुसार वह अप्रैल के पहले सप्ताह में वापसी कर सकते हैं।

### धीरे-धीरे बुमराह को वर्कलोड बढ़ेगा

ऐसी स्थिति में बुमराह के मुंबई के लिए पहले तीन या चार मैच न खेलने की संभावना है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार बुमराह ने अभी तक पूरी ताकत से गेंदबाजी शुरू नहीं की है। सूत्र ने कहा, यह स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर है। मेडिकल टीम धीरे-धीरे उनके वर्कलोड को बढ़ाएगी। जब तक वह कुछ दिनों तक बिना किसी परेशानी के पूरी ताकत से गेंदबाजी करने में सक्षम नहीं हो जाते, तब तक मेडिकल टीम द्वारा उन्हें मंजूरी दिए जाने की संभावना नहीं है। संयोग से, लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव के भी अप्रैल में आईपीएल में हिस्सा लेने की उम्मीद है।

### इंग्लैंड दौरे पर निगाहें

इस बात को ध्यान में रखना होगा कि आईपीएल के तुरंत बाद भारत को इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। अंतिम लक्ष्य बुमराह को इंग्लैंड में अधिक से अधिक टेस्ट मैचों के लिए फिट रखना है। रोहित शर्मा के टेस्ट कप्तान बने रहने को लेकर अनिश्चितता के बीच बुमराह को कप्तानी की रेस में सबसे आगे माना जा रहा है। पता चला है कि बुमराह और मोहम्मद शमी के चोटिल होने की संभावना के कारण चयनकर्ता इंग्लैंड के पूरे दौरे की योजना इन दो तेज गेंदबाजों के इर्द-गिर्द नहीं बनाना चाहते हैं।







## सलमान की फिल्म सिकंदर के रीमेक की अफवाहों पर निर्देशक ने तोड़ी चुप्पी

ईद पर रिलीज होने वाली सलमान खान की फिल्म सिकंदर के बारे में अफवाहें उड़ी थीं कि यह फिल्म रीमेक है। इस पर फिल्म के निर्देशक आर मुर्गदास ने चुप्पी तोड़ी है।

बॉलीवुड में कई फिल्में रीमेक हैं। सलमान खान ने भी कई रीमेक फिल्में बनाई हैं। ऐसे में सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर के बारे में भी अफवाहें हैं कि वह रीमेक है। अफवाहें हैं कि यह फिल्म सालार फिल्म की रीमेक है। लेकिन इस अफवाह पर फिल्म के निर्देशक एआर मुर्गदास ने चुप्पी तोड़ी है।

रीमेक नहीं है सलमान खान की फिल्म सिकंदर

रीमेक की अफवाहों पर लगाम लगाते हुए एआर मुर्गदास ने कहा है यह एकदम असली कहानी है। हर सीन, सिकंदर का हर फ्रेम पूरी मौलिकता के साथ डिजाइन किया गया है। यह लोगों को नया अनुभव देगी। यह किसी फिल्म की रीमेक नहीं है। फिल्म की मौलिकता का एक अनिवार्य हिस्सा इसका शानदार बैकग्राउंड स्कोर है। जिसे संतोष नारायणन ने तैयार किया है। उनका संगीत अच्छा है और दृश्यों से मेल खाता है।

## 'मी टू' मामले पर शिकायत याचिका खारिज होने पर बोलीं तनुश्री दत्ता, कहा-

# अफवाहों से बचें





**अभिनेता** नाना पाटेकर पर तनुश्री दत्ता द्वारा 'मी टू' आरोप लगाया गया था, जिसको लेकर अभिनेता को राहत मिलने की खबर आई थी। अब अभिनेत्री ने नाना पाटेकर को आरोपों से राहत मिलने वाली खबरों को खारिज किया है। उन्होंने सारी खबरों को फर्जी बताया। साथ ही खुलासा किया कि अभी उनकी शिकायत को लकेर कोई अपडेट नहीं आया है। जानिए पूरी खबर।

### केस में हो चुकी है उनकी जीत

अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने हाल ही में एक इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा कि उनके द्वारा नाना पाटेकर पर लगाए गए आरोप अभी खारिज नहीं हुए हैं। उनका मामला अभी बंद नहीं हुआ है, साथ ही उन्होंने सभी खबरों को अफवाह बताया, जो इस वक्त मीडिया में प्रसारित हो रहे हैं। अभिनेत्री ने लिखा, 2019 में मुंबई पुलिस द्वारा नाना पाटेकर समेत अन्य पर यौन उत्पीड़न शिकायत वाली बी-समरी रिपोर्ट को कोर्ट ने कैंसिल किया है, ना कि उनके द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न आरोपों को। तनुश्री दत्ता ने आगे कहा कि हर साल नाना पाटेकर की पीआर टीम फर्जी अफवाहें फैलाने में लगी रहती है। उन्होंने बताया कि जल्द ही नाना पाटेकर पर आरोप पत्र दायर किया जाएगा और उन्हें न्याय मिलेगा।

### क्या है मामला

अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने नाना पाटेकर, कोरियोग्राफर गणेश आचार्य, निर्देशक अब्दुल सामी सिद्दीकी और निर्माता राकेश सारंग पर 2008 में एक डांस सीक्वेंस के दौरान यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इस मामले में इन चारों के खिलाफ ओशिवारा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी।

## प्रियंका चोपड़ा ने 3 बच्चों के बाप संग

# किसिंग सीन करने से किया था इनकार



बॉलीवुड से लेकर साउथ तक फिल्मों में किसिंग सीन होना आम बात होती है. फिल्मों में ये चलन काफी पुराना है और आजकल ज्यादा ही किसिंग सीन देखने को मिल जाते हैं. फिल्मों में किसिंग सीन को लेकर कई बार विवाद भी हुआ है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई एक्ट्रेसेस ने अपने को-एक्टर को किस करने से मना कर दिया था. आज हम आपको उस फिल्म के किसिंग सीन को लेकर बताने वाले हैं जिसमें एक्ट्रेस ने को-स्टार संग किस करने के लिए मना कर दिया था. एक्ट्रेस का कहना था कि वो उनसे उम्र में काफी बड़ा है. आइए जानते हैं कि ये किस्सा किस फिल्म का है.

### फिल्म सात खून माफ का है किस्सा

साल 2011 में डायरेक्टर विशाल भारद्वाज की फिल्म की सात खून माफ आई थी. इसमें तमाम स्टार्स ने काम किया था. फिल्म सात खून माफ में प्रियंका चोपड़ा और अन्नू कपूर महत्वपूर्ण भूमिका में थे. फिल्म में की स्क्रिप्ट के डिमांड के हिसाब से प्रियंका चोपड़ा को अन्नू कपूर के साथ किसिंग और इंटीमटे सीन फिल्माना था लेकिन ऐसा हुआ नहीं. दरअसल, अन्नू कपूर के साथ किसिंग सीन करने से प्रियंका चोपड़ा ने साफ मना कर दिया था. खबरों में बताया जाता है कि प्रियंका चोपड़ा का मानना था कि अन्नू कपूर उम्रदराज एक्टर हैं और 3 बच्चों के पिता हैं. प्रियंका चोपड़ा की इस बात से अन्नू कपूर गुस्सा हो गए थे और सेट पर नाराजगी व्यक्त की थी. गौरतलब है कि प्रियंका चोपड़ा और अन्नू कपूर की उम्र में 26 का फासला है.

## जेलर 2 को लेकर आई

# बड़ी जानकारी



**रजनीकांत** के फैंस के लिए खुशखबरी है। वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई बड़ी फिल्में हैं, जिनमें से एक जेलर 2 भी है। फिल्म में फैंस रजनीकांत को एक बार फिर से पहले भाग की तरह मुथुवेल पांडीयन के किरदार में देखे सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जेलर 2 की शूटिंग अगले हफ्ते में शुरू होने वाली है। फिल्म की टीम पहले चेन्नई में शूटिंग करेगी। उसके बाद गोवा और तमिलनाडु के थेनी में आगे की शूटिंग की जाएगी। फिल्म में एक बार फिर से अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत सुनने को मिलेगा। वहीं, फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार करने वाले हैं। फिल्म सिनेमाघरों में कब तक दस्तक देगी इस बात का अभी आधिकारिक एलान नहीं किया गया है।

# 'चॉइस को सेलिब्रेट करती नजर आई तापसी पन्नू



अभिनेत्री तापसी पन्नू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर नई तस्वीरें पोस्ट की हैं जिसमें वह निडर और बिना किसी झिझक के फैसले लेने के सार के साथ चॉइस को सेलिब्रेट करती नजर आ रही हैं। तापसी ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं। पहली तस्वीर में अभिनेत्री काले रंग की नेट वाली ड्रेस पहने कैमरे के लिए पोज देती दिखाई दीं। एक अन्य तस्वीर में अभिनेत्री खिड़की से बाहर देखती नजर आईं। तीसरी और चौथी फोटो में रश्मि रॉकेट स्टार का क्लोज-अप था। आखिरी तस्वीर बहुत प्यारी थी, जिसमें अभिनेत्री, अपने घुंघराले बाल खुले रखे हुए मुस्कुरा रही थीं और कैमरे से दूर देख रही थीं। तस्वीरों के साथ अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, अपनी चॉइस का जश्न मनाती एक शाम। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर पहले सीमाओं को तोड़ने और नई संभावनाओं को खोजने के लिए सीमाओं से परे एक दुनिया की खोज करने के बारे में बात की थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री अगली बार एक्शन फिल्म गांधारी में दिखाई देंगी, जहां वह अपने स्टंट खुद करती नजर आएंगी। लेखिका-निर्माता कनिका ढिल्लों ने भी हाल ही में एक्शन दृश्यों को बेहतरीन ढंग से निभाने के लिए तापसी की सराहना की थी। 'गांधारी' की निर्माता-लेखिका कनिका ढिल्लों ने बताया कि तापसी में एक अलग तरह की फुर्ती है, वह एक्शन फिल्म के लिए परफेक्ट हैं। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की रिपोर्ट के अनुसार 'गांधारी' एक रोमांचक कहानी है, जिसके बैकग्राउंड में मनोरंजन, रहस्य और खूब सारा एक्शन हैं। दर्शक तापसी पन्नू को एक मिशन पर निकली ऐसी मां के किरदार में देखेंगे, जो मजबूत है।

## करण जौहर बोले-

# 'मैं हूं भारतीय सिनेमा का असली बादशाह'



करण जौहर और कार्तिक आर्यन के बीच हो गई बहस। करण जौहर ने खुद को बताया इंडियन सिनेमा का असली बादशाह, जानिए कार्तिक आर्यन ने क्या दी प्रतिक्रिया। बॉलीवुड के चमकते सितारे कार्तिक आर्यन लगातार चर्चाओं में बने रहते हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पर निर्माता-निर्देशक करण जौहर के साथ एक मजेदार वीडियो शेयर किया है। ये वीडियो तब का है जब दोनों स्टार 25वें आईफा अवॉर्ड्स के लिए जयपुर पहुंचे थे। इस वीडियो में दोनों एक-दूसरे पर तंज कस रहे हैं और इस बात पर बहस कर रहे हैं कि भारतीय सिनेमा का असली राजा कौन है?

### कौन है भारतीय सिनेमा का असली बादशाह ?

वीडियो की शुरूआत में करण जौहर कार्तिक आर्यन से कहते हैं, कार्तिक, रॉयल्टी का भी कुछ मतलब होता है। बॉलीवुड का बादशाह मैं हूं, तुम नहीं। इस पर कार्तिक जवाब देते हुए कहते हैं, अगर आप बादशाह हो, तो मैं इंडियन सिनेमा का राजकुमार हूं। इस पर करण कहते हैं, हे भगवान, तुम और रॉयल्टी? असली रॉयल्टी मैं हूं। जिसके बाद भूल भूलैया 3 स्टार कार्तिक करण जौहर के ट्रांसफॉर्मेशन और उनके दुबले होने पर मजाकिया लहजे में तंज कसते हुए कहते हैं, आप इतने पतले कैसे हुए हो? ऐसा लग रहा है किसी ने करण भेज दिया है, और जौहर अभी बाकी है।



## महिला दिवस पर करीना ने दी

# शुभकामनाए

**अभिनेत्री** करीना कपूर खान ने शनिवार को महिला दिवस के मौके पर सभी को शुभकामनाएं दी। सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर कर अभिनेत्री ने 'सेल्फ लव' को महिलाओं के लिए अहम बताया।

करीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह न्यूजपेपर प्रिंट शर्ट और स्कर्ट में नजर आईं। उन्होंने अपने लुक को घुटनों तक के बूट्स, सनग्लास और ब्लैक हर्मीस बैग के साथ पूरा किया। राजस्थान के जयपुर में आयोजित आईफा अवॉर्ड्स के 25वें सीजन में भाग लेने के लिए रवाना हुई करीना ने चार्टर्ड फ्लाइट में कैमरों के लिए खूब पोज दिए। इंस्टाग्राम पर तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, महिला दिवस की शुभकामनाएं, सेल्फ लव और नमस्ते आईफा।इससे पहले करीना कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली को उनके 24वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी थीं। करीना ने बताया कि वह इब्राहिम को फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं।

इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अभिनेत्री ने बर्थडे बॉय इब्राहिम अली की एक कैंडिड तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, बेस्ट बॉय को जन्मदिन की शुभकामनाएं। सिल्वर स्क्रीन पर देखने के लिए उत्साहित हूं। शेयर की गई तस्वीर में इब्राहिम अपने चेहरे पर हाथ रखे हुए पोज देते नजर आए। करीना इससे पहले भी इब्राहिम की डेब्यू फिल्म 'नादानियां' के लिए समर्थन करती नजर आई थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म का वीडियो शेयर किया और कैप्शन में रेड हार्ट वाले इमोजी को भी जोड़ा। करीना ने पोस्ट में इब्राहिम अली के साथ खुशी कपूर, करण जौहर और निर्देशक शौना गौतम को भी टैग किया।

इब्राहिम अली खान के बारे में बता दें, वह सैफ अली खान और उनकी पूर्व पत्नी अमृता सिंह के बेटे हैं। सैफ को अमृता से दो बच्चे हैं, बेटे का नाम इब्राहिम तो वहीं बेटी का नाम सारा अली खान है, जो फिल्मी दुनिया में एक्टिव हैं। इब्राहिम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से पूरी की। अपने अभिनय करियर को निखारने के लिए उन्होंने न्यूयॉर्क फिल्म अकादमी में एडमिशन लिया।

# कावेरी कपूर को बहु-प्रतिभाशाली पर्सनालिटी के रूप में देखते हैं दर्शक



कावेरी कपूर ने अपनी पहली फ़िल्म बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी से इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई। हालांकि यह फ़िल्म कावेरी की पहली फ़िल्म थी, लेकिन यह पहली बार नहीं था जब उन्होंने कैमरे का सामना किया। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि कावेरी एक प्रतिभाशाली गायिका, गीतकार और संगीतकार हैं, जिनके नाम चार म्यूजिक वीडियो दर्ज हैं। हाल ही में उन्होंने अपना पाँचवाँ गाना एक धागा तोड़ा मैंने रिलीज़ किया, जिसे उन्होंने महज 15 साल की उम्र में अंग्रेज़ी में लिखा था। उनकी इस प्रतिभा को पहचानते हुए ए.आर. रहमान, जिन्होंने इस ट्रैक को प्रोड्यूस किया, और उन्होंने ने कावेरी की खूब सराहना की। इतनी उपलब्धियों के साथ, कावेरी को रचनात्मकता, जुनून और प्रतिभा का प्रतीक मानना स्वाभाविक है। एक गीतकार, गायिका और अभिनेत्री के रूप में उनकी यात्रा मेहनत, लगन, धैर्य और समर्पण का प्रमाण है। जो कावेरी ने हमेशा व्यक्त किए हैं। कावेरी को प्रदर्शन कला के प्रति अपने प्यार को विरासत में मिला, क्योंकि वह बेहद लेजेंड्री माता-पिता, सुचित्रा कृष्णमूर्ति और शेखर कपूर की बेटी हैं। और उनके संगीत वीडियो इस बात का सबूत हैं कि उन्हें अपने शानदार प्रतिभा माता-पिता से विरासत में मिला है। जीवन के शुरुआती दौर से ही गीत लेखन और गायन में महारत हासिल करने वाली कावेरी अब अभिनय के क्षेत्र में अपना नाम बना रही हैं। अभिनेत्री के पास अपने पिता की बहुप्रतीक्षित फिल्म मासूम 2 है, जिसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। शेखर कपूर और अपने अभिनेताओं से प्रभावशाली अभिनय निकलवाने की उनकी प्रतिभा को जानते हुए, हम इस फिल्म में कावेरी को अभिनय करते देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं।

साभार एजेंसी